''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 19 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 19 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# पंजाब में भाजपा सरकार आने पर किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## प्रदेश की बागडोर संभालते ही किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं प्रदान करवाने का किया काम–मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा ने किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की है और 12 लाख किसानों के खाते में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये डाले हैं।

इसके अतिरिक्त, फसल खरीद के बाद देरी से पेमेंट होने पर 78 करोड़ रुपये ब्याज के तौर पर किसानों को दिए हैं। वहीं राज्य पंजाब में पहले कांग्रेस सरकार व अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार किसानों की सुध नहीं ले रही है और किसानों की फसलों को एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा है। जिस वजह से किसान आंदोलनरत हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार को सलाह दी कि वे विधानसभा में बिल लाकर किसानों की शत प्रतिशत फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम करे। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार आने पर किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात आज पंजाब के रोपड़ में आयोजित सैनी महासम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय अल्प संख्यक कमीशन के चेयरमैन श्री इकबाल सिंह लालपुरा व कार्यक्रम के आयोजक रोपड़ के भाजपा के जिला प्रधान श्री अजय वीर सिंह लालपुरा सहित सैनी समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।





इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले साल हरियाणा में खरीफ सीजन में बारिश देर से हुई थी। जिसके कारण किसानों को फसल की बुवाई के लिए सिंचाई व दूसरे इंतजाम करने पड़े। हरियाणा सरकार ने किसानों की पीड़ा को समझा और 2 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस के तौर पर उनके खाते में डाले। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गरीब व मजदूरों की भलाई के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। इसी कड़ी में उन्होंने दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कालेजों और पीजीआई में किडनी के रोग से पीड़ित रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं प्रदान करवाने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 70 वर्ष से ज्यादा आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों को इस योजना का लाभ दिया और इस मद पर अब तक 2500 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछड़ा वर्ग की लंबे समय से मांग थी कि उनकी क्रीमिलेयर की आय सीमा को बढ़ाया जाए। हरियाणा सरकार ने इस आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है। इसका पिछड़ा वर्ग को लाभ मिला है।

**नारी सशक्तिकरण को दिया है बढ़ावा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए नारी शक्ति वंदन बिल पास करवा दिया है। इसके तहत अगले लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

**बीबी शरणदीप कौर का बलिदान न केवल धर्म, बल्कि पूरी मानवता के लिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबी शरणदीप कौर दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की सच्ची सिपाही थीं। गुरु जी द्वारा चलाए गए धर्म युद्ध में बीबी शरणदीप ने मुगल आक्रांताओं के खिलाफ लड़ते हुए शहादत दी थी। उनका बलिदान न केवल धर्म के लिए था, बल्कि पूरी मानवता के लिए था। उनकी वीरता और उनके सिद्धांत हमें यह सिखाते हैं कि धर्म के प्रति निष्ठा, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए किसी भी बलिदान को तैयार रहना चाहिए।

**सावित्रीबाई फुले ने बताया शिक्षा सबसे बड़ा हथियार**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले समाज की गौरव हैं। वे न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि एक महान समाज सेविका और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थीं। सावित्रीबाई फुले ने 1833 में समाज की कुरीतियों व बंदिशों को तोड़ते हुए बेटियों के लिए स्कूल खोले थें। इसका न सिर्फ सैनी समाज बल्कि हर समाज की बेटियों को लाभ मिला है। माता सावित्री बाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ मिलकर कुरीतियों को दूर करने, महिला सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

**सैनी समाज एकजुट होकर आगे बढ़ेगा तो तरक्की के हर मुकाम को पा लेगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सैनी समाज एकजुट होकर आगे बढ़ेगा तो तरक्की के हर मुकाम को पा लेगा। हमें अपने बेटे व बेटियों को शिक्षित करना जरूरी है। इसी से आगे बढ़ेंगे व विकास के रास्ते तय कर पाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आंखों के इलाज के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस में मरीजों का मौके पर चैकअप और इलाज की सुविधा मिलेगी।

# प्रदेश में आधे पटवारियो ने रखे असिस्टेंट, भ्रष्टाचार की खुली पोल !

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम/पटौदी।** सबका साथ सबका विकास और पारदर्शिता सहित ऑनलाइन कार्य डबल इंजन सरकार के द्वारा प्राथमिकता में गिनवाए अथवा बताए जाते आ रहे हैं । विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप भी लगते रहे हैं ।इसी कड़ी में राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी के द्वारा निर्धारित सरकारी फीस से अधिक वसूली की शिकायतें सबसे अधिक सुनने को मिलती रही है। कथित रूप से मांग पूरी नहीं होने पर मामलों को लटकाए भी रखा जाता है ।अपने आप को सेफ अथवा सुरक्षित रखने के लिए राजस्व विभाग के पटवारी के द्वारा व्यक्तिगत रूप से सहायक रखने के मामले भी सामने आते रहे हैं ।लोगों में जिज्ञासा सहित बहस होने लगी है कि यह भ्रष्टाचार का मामला क्या तीसरी बार सरकार बनने पर ही भाजपा सरकार के संज्ञान में आया या फिर पहले की दो योजना में भाजपा सरकार अनदेखा करती रही।

जिस प्रकार से राजस्व विभाग के 370 कर्मचारियों का हवाला देते हुए 170 कर्मचारियों को भ्रष्टाचार में शामिल बताया गया है ।क्या इस प्रकार का भ्रष्टाचार अन्य सरकारी विभागों में होने से साफ इनकार किया जा सकता है ? नित्य प्रतिदिन विभिन्न सरकारी एजेंसियों के द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए काबू किया जा रहा है। इसको बिल्कुल भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है ।यह भी पूरी तरह साफ नहीं हो सका है कि राजस्व विभाग के कितने कर्मचारी अथवा पटवारी भ्रष्ट है या भ्रष्टाचार में शामिल है ? राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जारी की गई अथवा लिक की गई लिस्ट को देखा जाए तो गुरुग्राम में 27 में से 26, करनाल में 7 में से 6, पलवल में 17 में से 15 और यमुनानगर में सभी 14 पटवारी को भ्रष्टाचार का आरोपी ठहराया गया है ।इसी प्रकार से महेंद्रगढ़ में 36 में से 20, रेवाड़ी में 16 में से 15, सिरसा में 13 में से 7, अंबाला में पांच में से तीन राजस्व पटवारी को भ्रष्टाचार का आरोपी बताया गया । राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के द्वारा संबंधित जिला के उपायुक्त को संबोधित करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए भी कहा गया है।

**गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, पलवल और यमुनानगर जिले सबसे अव्वल**

**पटवारियो के भ्रष्टाचार के रेट लिस्ट के साथ ही सार्वजनिक की गई सूची**

**राजस्व विभाग के पटवारी के द्वारा निर्धारित फीस से अधिक वसूली का मामला**

**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा कार्रवाई के लिए लिखा गया**

एक तरफ तो गोपनीय दस्तावेज लिखा गया, दूसरी तरफ यह गोपनीय दस्तावेज लीक अथवा सार्वजनिक भी हो गया ।इसी दस्तावेज में लिखा गया है कि जमीनों के खाते तक्सीम करवाने, जमीनों की पैमाइश, इंतकाल, राजस्व विभाग में रिकार्ड दुरुस्त करवाने, नक्शा बनवाने जैसे मामले में पटवारी के द्वारा रखे गए निजी असिस्टेंट अथवा सहायक के माध्यम से रिश्वत ली जा रही है। उपरोक्त कार्यो को किया जाने के लिए 200 से लेकर 6000 तक रिश्वत लेने की भी बात सार्वजनिक की गई । लोगों में चर्चा इस बात को लेकर भी है कि इसी प्रकार के कार्य राजस्व विभाग के अलावा नगर निगम, जिला परिषद, नगर परिषद, नगर पालिका या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के द्वारा नहीं करवाए जा रहे।

जिस समय सरकारी विभाग में भ्रष्ट कर्मचारियों की लिस्ट जारी की गई अथवा लिक की गई। उस समय को लेकर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। एक तरफ तो पड़ोसी कहे आने वाले दिल्ली प्रदेश में चुनाव का बिल्कुल बच चुका है ।दूसरी तरफ हरियाणा प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव, नगर निगम, नगर परिषद, और नगर पालिका के चुनाव होना भी प्रस्तावित है।इसी कड़ी में भाजपा के ही एक नेता के खिलाफ हिमाचल में दर्ज मामला भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा सहित राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है।यहां तक चर्चा होने लगी है कि इतनी बड़ी संख्या में एक ही बार में किसी भी सरकारी विभाग में कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन जैसी कार्रवाई के बाद निश्चित रूप से कार्यों में विलंब होने सहित आम जनता की बढ़ाने वाली परेशानी से भी इनकार नहीं किया जा सकता।दूसरी तरफ भाजपा के लिए भी यह अब कहीं ना कहीं प्रतिष्ठा का सवाल बनता हुआ दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ की जानी चाहिए । यह सब अब भविष्य के गर्भ में ही छिपा हुआ है।

## सारी हदें पार कर चुकी है कांग्रेस

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी तलाक ले लेती है ! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार गला मरोड़ने में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं। चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है।

# गुरुग्राम के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण के साथ जन-जन तक पहुँच रहे कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह

## गुरुग्राम में सुव्यवस्थित प्रक्रिया के तहत होंगे निर्माण कार्य, जनता के पैसे की नही होने दी जाएगी बंदरबाट : राव नरबीर सिंह

**कैबिनेट मंत्री ने कहा, गुरुग्राम के विकास के सफर में अगले पांच साल होंगे सबसे श्रेष्ट**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह गुरुग्राम के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण के साथ जनजन तक पहुँचकर उनकी समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं साथ ही उनकी मांगों के अनुरूप विकास कार्य करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे रहे है। इन्हीं प्रयासों के तहत राव नरबीर सिंह ने शनिवार को धनकोट गांव, पालम विहार एच ब्लॉक सामुदायिक केंद्र, चोमा गांव, सेक्टर 23ए, कार्टरपुरी, न्यू पालम विहार का दौरा आमजन की समस्याओं की जनसुनवाई की।

राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम में विकास कार्यों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर उनका विजन बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में जनता की मांग के अनुसार हर उस विकास कार्य को गति दी जाएगी जो सरकार के नियमों को पूरा करते हो। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि अगले पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास की नई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ साथ पिछले पांच वर्षों में जिन परियोजनाओं पर काम शुरू नही हो पाया था। उनको भी प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जाएगा।



उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुरुग्राम में विकास कार्यों में ठेकेदारों की मनमानी बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी। नागरिकों के टैक्स का पैसा उनकी सुविधाओं के हिसाब से खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का क्रियान्वयन करने वाली एजेंसी यह ध्यान रखें कि जनता की संतुष्टि के बिना उनके कार्यों का भुगतान नही किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्होंने सडक़ निर्माण से जुड़े सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता मानकों व निर्धारित प्रक्रिया का पूरा ध्यान रखा जाए। राव ने कहा कि अब गुरुग्राम में कोई भी सड़क बनेगी तो सर्वप्रथम उसका ड्रेनेज सिस्टम पहले बनाया जाएगा जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उसके पानी की निकासी सही बहाव के साथ उचित दिशा में हो रही है या नही। इसके उपरांत ही उसके ऊपर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि जनता के पैसे का किसी भी रूप में बंदरबांट ना हो व गुरुग्राम में सड़क व जलनिकासी के प्रोजेक्ट एक सुव्यवर्स्थित प्रक्रिया के तहत सम्पन्न कराए जाएं। कैबिनेट मंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार के इन सार्थक प्रयासों में सहभागी बने, साथ ही धरातल पर क्रियानवित किए जा रहे विकास कार्यों में कहीं भी खामी मिले तो इसकी सूचना तुरंत मुझ तक पहुँचाये।

पर्यावरण मंत्री ने इस दौरान सभी आयोजन स्थलों पर नागरिकों से स्वागत की औपचारिकताओं को खत्म कर सीधे अपनी बात रखने की पहल करते हुए कहा कि आपका मेरा दिल का रिश्ता है। जिसमें स्वागत संबंधी औपचारिकताओं में व्यर्थ समय गवाएं बिना सीधे अपना मांग पत्र रखें। उन्होंने कहा कि नियमों को पूरा करने वाले सभी काम अगले कुछ दिनों में धरातल पर शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा मांग पत्र के वे कार्य जो किसी कारणवश शुरू नही किए जा सकेंगे उसकी जानकारी वे स्वयं जनता के बीच आकर देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 3 करोड़ जनता ने जिस विश्वास व उम्मीद के साथ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। उनका प्रयास रहेगा कि गुरुग्राम के विकास के सफर में ये अगले पांच साल सबसे श्रेष्ट होंगे। पर्यावरण मंत्री ने इस दौरान उपर्सथित जनसमूह को गुरूग्राम को पॉलीथीन मुक्त करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम एनसीआर का प्रमुख जिला है ऐसे में अगर हम कोई सार्थक पहल करेंगे तो अन्य जिले भी उसका अनुसरण करेंगे। राव नरबीर ने इस दौरान गांव कार्टरपुरी में नवनिर्मित वाटर बूर्स्टिंग स्टेशन का भी शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डीटीपी नोडल आर एस भाट, नगर निगम से संयुक्त आयुक्त विशाल, फर्म एंड सोसायटीज के जिला रजिस्ट्रार लोकेश यादव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ विजय चौधरी, मंडल अध्यक्ष दौलतराम, निवर्तमान पार्षद धर्मबीर व रविंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, चौधरी धर्मपाल, राव धर्मपाल,पवन, मलखान यादव, निवर्तमान निगम पार्षद कुलदीप यादव व ब्रह्मा यादव, राकेश फाजिलपुर, शेर सिंह चौहान, सुंदर यादव सरपंच सिकंदरपुर सहित अन्य गणमान्य उपर्सथित रहे।

# भारत सरकार के अधिकारियों ने फरीदाबाद के अधिकारियों से की बैठक

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** 21वीं पशुधन गणना 2024 का कार्य पूरे भारत में प्रारंभ हो चुका है द्य इसी क्रम में पशुधन गणना की प्रगति, निरीक्षण और फील्ड में आ रही चुनौतियों के समाधान हेतु सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार और हरियाणा सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से केंद्रीय नोडल अधिकारी सलाहकार (सांख्यिकी) जगत हजारिका, पशुधन गणना 2024, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, नई दिल्ली संयुक्त आयुक्त (डीडी) चिन्मयजीत सेन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग उप निदेशक डॉ. सी आर मीना, संयुक्त निदेशक एवं राज्य नोडल अधिकारी निदेशालय हरियाणा डॉ. प्रेम सिंह, उप निदेशक फरीदाबाद डॉ. वीरेंद्र सहरावत शामिल थे। केंद्रीय नोडल अधिकारी जगत हजारिका ने




बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय निरीक्षण, प्रगणकों द्वारा की जा रही गणना की समीक्षा और फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान करना था। बैठक से पहले अधिकारियों ने फरीदाबाद के सेक्टर-88 के वार्ड नंबर 34 और गांव कमारा खुर्द का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों द्वारा एकत्र किए जा रहे विवरणों का निरीक्षण किया और पशुधन गणना के फील्ड कार्य का आंकलन किया। फील्ड स्तर पर सामने आ रहीं समस्याओं, जैसे डिजिटल टूल्स का उपयोग, सटीक डेटा संग्रहण, और प्रगणकों की दक्षता में सुधार पर चर्चा की गई। हरियाणा राज्य नोडल अधिकारी डॉ प्रेम सिंह ने इन चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए तत्काल कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य में पशु गणना के लिए कुल 1806 प्रगणकों को नामित किया गया है जिनका कार्य राज्य के 9003 गांव/वार्डों में प्रत्येक हाउसहोल्ड में घर द्वार जाकर पशु गणना संबंधित डाटा मोबाइल एप द्वारा इकट्ठा करना है तथा इस कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए 386 पर्यवेक्षक व 22 जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 7,50,824 हाउस होल्ड का आंकड़ा संग्रहण कर लिया गया है।

पशुपालन एवं डैरीइंग विभाग, फरीदाबाद उपनिदेशक डॉ वीरेन्द्र सहरावत ने भारत सरकार व राज्य मुख्यालय से आए अधिकारियों का स्वागत किया व जिला फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम और नूंह जिलों का अब तक किया गया पशु गणना कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह बैठक 21वीं पशुधन गणना 2024 के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण कदम थी अधिकारियों ने पशुधन गणना के कार्य को सटीक और व्यवर्सथित रूप से पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों और प्रगणकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। बैठक में उपमंडल अधिकारी डॉ सचिन धनकड़, जिला नोडल अधिकारी डॉ विनोद दहिया, डॉ अमनगीत ( फरीदाबाद), डॉ महेंद्र सिंह (पलवल), डॉ रविन्द्र कुमार ( गुरुग्राम), डॉ सतीश कुमार (नूंह) तथा जिला फरीदाबाद के पर्यवेक्षक और प्रगणकों ने भाग लिया।

# 22 जनवरी को निकलेगी राम रथ यात्रा

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** प्रभु रामश्री की नगरी अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर आगामी 22 जनवरी को सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर दो नम्बर के ब्लॉक से पिछली वर्ष की भांति इस बार भी प्रभु श्रीराम चंद्र के आशीर्वाद से एक भव्य श्री राम रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह श्रीराम रथ यात्रा दो नम्बर के ब्लॉक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर परिसर से शुरू होकर लखानी धर्मशाला, रामायण बाग, एक-दो का चौक, एक नम्बर गुरूद्वारा सिंह सभा, सरदार कल्याण सिंह चौक, आर्य समाज रोड़, बीके चौक(माता चौक), बीके नीलम रोड़, सलूजा पेट्रोल पम्प, डा. सुरेश अरोड़ा, ईजी डे चौक, चार-पांच का चौक से चिमनी बाई चौक, तीन नम्बर प्रयाग मेडिकल स्टोर, दो-तीन का चौक होते हुए वापिस मंदिर परिसर में समाप्त होगी। राम भक्त राजन मुथरेजा ने बताया कि इस भव्य श्रीराम रथ यात्रा मार्ग में श्रीराम पताका भी लगाई गई है साथ ही जिस-जिस मार्ग से भव्य श्रीराम रथ यात्रा गुजरेगी वहां-वहां श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, आतिशबाजी की जाएग साथ ही 30 स्थानों पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत भी किया जाए और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर राजन मुथरेजा ने सभी रामभक्तों से अपील की है कि वह इस भव्य श्रीराम रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें।



**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# अपना पिंडदान कर नागा बन रहे 5 हजार साधु

## गंगा में 108 डुबकी लगाई, जननांग की नस खींची, महाकुंभ में 24 घंटे तपस्या कर रहे







**प्रयागराज।** महाकुंभ में एक साथ 5 हजार नागा साधु बन रहे हैं। सभी जूना अखाड़े के हैं। शनिवार को नागा साधु बनने वाले साधकों ने संगम घाट पर अपना और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान किया। इसी के साथ उनकी नागा साधु बनने से पहले दूसरी स्टेज अवधूत बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संगम पर साधकों ने 17 पिंड बनाएं, जिनमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे और एक उनका स्वयं का था। 19 जनवरी की सुबह जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि जी महाराज मंत्र देंगे। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को तड़के सभी को नागा साधु बनाया जाएगा। 13 अखाड़ों में सबसे बड़ा जूना अखाड़ा है, जिसके लगभग 5 लाख नागा साधु और महामंडलेश्वर संन्यासी हैं। इस बार महाकुंभ में 13 में से सात अखाड़ों में 20 से 25 हजार नागा साधु बनाए जाने हैं। नागा साधुओं को सनातन धर्म का रक्षक कहा जाता है। जूना अखाड़े के प्रवक्ता नारायण गिरी बताया, नागा दीक्षा के लिए धर्म ध्वजा के नीचे तपस्या के साथ संस्कार की शुरूआत 24 घंटे पहले हो शुरू हो गई है। इसके लिए साधक 24 घंटे बिना भोजन-पानी के यह तपस्या कर रहे हैं। इसके बाद अखाड़ा कोतवाल के साथ सभी को गंगा तट पर ले जाया गया। गंगा में 108 डुबकी लगाने के बाद और कर्म और विजय हवन हुआ। आमतौर पर नागा बनने की उम्र 17 से 19 साल होती है। इसके तीन स्टेज हैं- महापुरुष, अवधूत और दिगंबर, लेकिन इससे पहले एक प्री-स्टेज यानी परख अवधि होती है। जो भी नागा साधु बनने के लिए अखाड़े में आवेदन देता है, उसे पहले लौटा दिया जाता है। फिर भी वो नहीं मानता, तब अखाड़ा उसकी पूरी पड़ताल करता है। अखाड़े वाले उम्मीदवार के घर जाते हैं। घर वालों को बताते हैं कि आपका बेटा नागा बनना चाहता है। घरवाले मान जाते हैं तो उम्मीदवार का क्रिमिनल रिकॉर्ड देखा जाता है। जो परख अवधि में खरा उतरता है, उसे वापस संसारी दुनिया में लौटने की सलाह दी जाती है। फिर भी वह नहीं लौटता है, तो उसे संन्यास जीवन में रहने की प्रतिज्ञा दिलाई जाती है। उसे 'महापुरुष' घोषित करके पंच संस्कार किया जाता है। पंच संस्कार यानी शिव, विष्णु, शक्ति, सूर्य और गणेश को गुरु बनाना पड़ता है। अखाड़े की तरफ से इन्हें नारियल, भगवा वस्त्र, जनेऊ, रुद्राक्ष, भभूत सहित नागाओं के प्रतीक और आभूषण दिए जाते हैं। इसके बाद गुरु अपनी प्रेम कटारी से शिष्य की शिखा यानी चोटी काट लेते हैं। इस मौके पर शीरा और धनियां बांटा जाता है। महापुरुष को अवधूत बनाने के लिए सुबह चार बजे उठाया जाता है।

नित्य कर्म और साधना के बाद गुरु इन्हें लेकर नदी किनारे पहुंचते हैं। उसके शरीर से बाल हटाकर नवजात बच्चे जैसा कर देते हैं। नदी में स्नान कराया जाता है। वह पुरानी लंगोटी छोड़कर नई लंगोटी धारण करता है। इसके बाद गुरु जनेऊ पहनाकर दंड, कमंडल और भस्म देते हैं। उसे 17 पिंड दान करने होते हैं। 16 अपने पूर्वजों के और 17वां पिंडदान खुद का। इसके बाद वह सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है। वह नया जीवन लेकर अखाड़े में लौटता है। इसके बाद आधी रात में विरजा यानी विजया यज्ञ किया जाता है। गुरु एक बार फिर महापुरुष से कहते हैं कि वो चाहे तो सांसारिक जीवन में लौट सकता है। जब वह नहीं लौटता तो यज्ञ के बाद अखाड़े के आचार्य, महामंडलेश्वर या पीठाधीश्वर महापुरुष को गुरुमंत्र देते हैं। इसके बाद उसे धर्म ध्वजा के नीचे बैठाकर ऊं नमः शिवाय का जाप कराया जाता है। अगले दिन सुबह चार बजे महापुरुष को फिर गंगा तट पर लाया जाता है। 108 डुबकियां लगवाई जाती हैं। इसके बाद दंड-कमंडल का त्याग कराया जाता है। अब वह अवधूत संन्यासी बन जाता है। इस 24 घंटे की प्रक्रिया में उसे उपवास रखना होता है। 'भारत में महाकुंभ' किताब के मुताबिक अवधूत बनने के बाद दिगंबर की दीक्षा लेनी होती है। ये दीक्षा शाही स्नान से एक दिन पहले होती है। ये बेहद कठिन संस्कार होता है। इस दौरान गिने-चुने बड़े साधु ही मौजूद रहते हैं। इसमें अखाड़े की धर्म ध्वजा के नीचे उसे 24 घंटे बिना कुछ खाए-पिए व्रत करना होता है। इसके बाद तंगतोड़ संस्कार किया जाता है। इसमें सुबह तीन बजे अखाड़े के भाले के सामने आग जलाकर अवधूत के सिर पर जल छिड़का जाता है। उसके जननांग की एक नस खींची जाती है। साधक नपुंसक बन जाता है। इसके बाद सभी शाही स्नान के लिए जाते हैं। डुबकी लगाते ही ये नागा साधु बन जाते हैं। चार जगह लगने वाले कुंभ में जगह के हिसाब से इन नागा साधुओं को अलग-अलग नाम दिए जाते हैं। प्रयाग के कुंभ में नागा साधु बनने वाले को नागा, उज्जैन में खूनी नागा, हरिद्वार में बफार्नी नागा और नासिक में खिचड़िया नागा कहा जाता है। जूना अखाड़े की स्थापना सन 1145 में उत्तरांचल के कर्णप्रयाग में की गई थी। यहीं इनका पहला मठ बनाया गया था। इसे भैरव अखाड़ा भी कहते हैं। भगवान शिव इनके आदि देव हैं। 13 में से सात अखाड़े शैव हैं जो शिव को मानते हैं। इन्हें संन्यासी अखाड़े भी कहते हैं। इसके अलावा तीन बैरागी और तीन उदासीन अखाड़े हैं। इन सभी 13 अखाड़ों में सबसे बड़ा जूना अखाड़ा है। इसमें सबसे ज्यादा नागा साधु और संत हैं। वर्तमान में इसके पीठाधीश्वर अवेधानंद जी महाराज सरस्वती हैं। नागा संन्यासी की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस परंपरा का प्रारंभ कब हुआ, किसने किया, कहा नहीं जा सकता। कई ऋषि इनके प्रेरण स्रोत रहे हैं। जैसे- पतंजलि, अवदूत मुनि कपिल, ऋषभदेव। इन्हें इन लोगों का पूर्वज माना गया है। दत्तात्रेय को ये अपना इष्ट देवता मानते हैं। नागा साधुओं के दो अंग माने गए हैं। शस्त्रधारी और शास्त्रधारी। शस्त्रधारियों ने मल्ल विद्या सीखी और शास्त्रधारी शास्त्रों के अध्ययन में लगे। शस्त्रधारियों का संगठित रूप ही अखाड़े में दिखाई देता है। इनके शौर्य से मध्यकालीन इतिहास भरा हुआ है। धर्म के खिलाफ, शासकों के खिलाफ इन्होंने लड़ाइयां लड़ी हैं। कई राजा इन्हें लड़ाइयां लड़ने के लिए बुलाया करते थे। 1666 में हरिद्वार में, 1748 में अहमद शाह अब्दाली से, 1757 में गोकुल में हजारों नागा साधुओं ने लड़ाइयां लड़ीं और वीरगति को प्राप्त हुए। इनमें स्वनाम धन्य गोसाईं और राजेंद्र गिरी का नाम प्रमुख है। इसके अलावा कच्छ और भुज में भी इन्होंने रण लड़े। मठ इनके गढ़ हुआ करते थे और यह हाथियों और घोड़ों पर चला करते थे। भाला और त्रिशूल तब भी इनका मुख्य हथियार होता था और आज भी है। मध्यप्रदेश में नागौद राज्य की नींव नागा संन्यासियों ने डाली। वहां के शासक इनके उपासक थे।

# कसया में 320 लाभार्थियों में स्वामित्व कार्ड का किया गया वितरण



संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरण योजना का शुभारंम्भ किया गया और लाभार्थियों से ऑनलाईन संवाद किया गया। इस अवसर पर कसया तहसील के परिसर में अयोजित समारोह में 320 लाभार्थियों में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। शनिवार को आयोजित स्वामित्व कार्ड का वितरण समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व केन यूनियन के चेयरमैन सतीश मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा आम जनता को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के साथ साथ पात्र परिवारों को भूमि का स्वामित्व व आवास प्राथमिकता से मुहैया कराया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया जा रहा है। जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने 320 पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किये। अध्यक्षता व सभी के प्रति आभार प्रभारी बीडियो नीरज चतुवेंदी ने व्यक्त किये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पारितोष मिश्र, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, कानूनगो शिव मुरारी लाल श्रीवास्तव, अजय लाल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश, लेखपाल शैलेन्द्र कुमार दूबे, प्रदीप गुप्ता, अशोक कनौजिया, अंग ध्वज पासवान, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष अकबर अंसारी, ब्लाक अध्यक्ष विजय बहादुर राय, मोहनलाल गुप्त, राजेश कुमार शर्मा सहित लाभार्थी मौजूद रहे। इसी क्रम में मंगलपुर, बरवा बाजार, भैंसहा, मधवा पुर, सिरसिया खोहिया, चकदे इया सहित नौ ग्राम पंचायतों में सचिव डॉ0 सरिता गुप्ता, पवन गुप्ता आदि के देखरेख में स्वामित्व प्रमाण पत्र लाभार्थियों को दिया गया।

# पटन गांव में गन्ने का पौधा मशीन से हुआ खेत में रोपाई : करन सिंह

## एक एकड़ में लगभग 11 हजार गन्ने का पौधा लगेगा : ओम प्रकाश गुप्ता


संवाददाता




**कुशीनगर।** गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रजातियों को न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा द्वारा अपने प्रक्षेत्र पर पौधा तैयार करके , कम समय में अधिक से अधिक कृषकों के खेतों पर पहुंचाकर गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करने , गन्ने की खेती में उत्पादन लागत को कम करने , खेती में कृषि की समस्या को दूर करने, गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से लाभ आदि उद्देश्य से ग्राम पटन मे प्रगतिशील किसान श्री धर्मेंद्र गुप्ता के खेत पर ऑटोमेटिक गन्ना पौधा प्लांटर मशीन से रोपाई कराया गया ।किसान धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि गन्ने का 6000 पौधा 6000 रुपये में खरीदा हूं , एक पौधा एक रुपया का है। यह जानकारी ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने किसानों को दी।अधिशाषी अध्यक्ष ने बताया कि चीनी मिल परिक्षेत्र के प्रत्येक कृषकों को अधिक उपज एवं अधिक चीनी परता देने वाली प्रजाति को . ड118 , को. 15023 का लाखों पौधा तैयार कराया गया है। जो कृषकों के खेतों पर मशीन से बुआई कराया जा रहा है। इन दोनों गन्ना प्रजातियों का उपज 400 से 500 कुंतल प्रति एकड़ होगा , मिल क्षेत्र में हजारों कृषक है जो 400 कुंतल एकड़ ऊपर ले रहे हैं। चीनी मिल परिक्षेत्र में ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से की बुवाई कराया जा रहा है। गांव-गांव में गन्ना काटने की मशीन से गाने की कटाई कराई जा रहा है। मेरा सभी किसानों से अपील है कि चार- चार फीट की दूरी पर गन्ने की बुवाई करें इससे गन्ने की खेती मशीन द्वारा होगी , गन्ने का उपज बढ़ेगा , किसान खुशहाल हो, लागत कम हो यही चीनी मिल का उद्देश्य है। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 1 एकड़ में 11 हजार गन्ने का पौधा लगेगा, एक पौधा से तीन और पौधे निकलकर गन्ना बन जाए तो कुल 44000 गन्ना एक एकड़ में बनेगा , एक गन्ना एक किलो का होगा तो उपज 440 कुंतल एकड़ मिलेगा , को 15023 गन्ना लगभग 2 से 2.5 किलो का होगा। खेत पर चीनी मिल के गन्ना प्रधान प्रबंधक अवधेश गुप्ता, डीडी सिंह, देवेश गिल ने कृषकों को चीनी मिल की विकास योजनाओं को बताया।

# बढ़ी लागत से गन्ने की मिठास हुई फीकी, खर्च के सापेक्ष गन्ने के मूल्य की आस में किसान











संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** गन्ने को लेकर पूर्वांचल में सोने का कटोरा कहा जाने वाले गन्ना बेल्ट में लगातार कृषि लागत बढ़ने से गन्ने की मिठास किसानों के लिए फीकी होती जा रही है। बढ़े कृषि लागत बढ़ने से गन्ने की खेती काफी कठिन होती जा रही है। किसान संगठनों ने 500 रुपये गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की है। बता दें कि गन्ने की फसल को आर्थिक रूप से किसानों की रीढ़ कहा जाता है। सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के दावे और तमाम योजनाओं को लागू करने के बावजूद आज गन्ना किसान कई दिक्कतों से जूझ रहा है। उसके गन्ने की लागत बढ़ने, आपदा और परंपरागत तरीकों से लगातार अलग होते जाने से गन्ना घाटे की फसल साबित होती जा रही है। मौजूदा समय में किसान के सामने सबसे बड़ी दिक्कत चीनी मिलों को गन्ने की सप्लाई का है। अधिकतर किसानों के पास पशु धन न होने से गन्ने की कटाई, छिलाई, लदायी पर किसानों को प्रति कुंतल 150 से 200 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। किराया अलग से। छोटे किसान तो किसी तरह अपना काम कर ले रहे हैं लेकिन मझोले व बड़े किसान और भी परेशान हैं। कसया विकास खण्ड के चकदेइया के किसान मुनेब सिंह, पूर्व बीडीसी नथुनी प्रसाद, किसान हीरा सिंह, हरी यादव, अरविंद यादव, एडवोकेट उदयभान यादव आदि के मुताबिक गन्ने की खेती में लागत काफी बढ़ी है लेकिन फसल अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है। उपर से गन्ने की छिलाई का खर्च अलग से। उनके मुताबिक गन्ने की फसल बुआई के लिए 35 से 45 हजार प्रति एकड़ खर्च करने पड़ रहे हैं। किसान का मोह गन्ने की खेती से भंग होता जा रहा है। लेकिन अब गन्ने की खेती मजबूरी होती जा रही है। इसमें कहीं न कहीं सरकार की गन्ना नीति का भी दोष है। किसानों ने मांग किया कि गन्ने की नई नीति किसान हित में जारी करते हुए गन्ने का उचित दाम सरकार बढ़ाये तभी लागत निकल पाएगी। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या गन्ने की छिलाई व ढुलाई को लेकर है। ऊपर से गन्ना तौल कांटों पर घटतौली का डर। ऐसे में अब गन्ने से मोह भंग हो रहा है। गन्ने की खेती बचाने की नीति अब सरकार को बनानी होगी। गन्ना किसान संस्थान पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि लागत बढ़ती जा रही है। सरकार को धान, गेहूं व अन्य फसलों की तरह गन्ने का भी मूल्य प्रति वर्ष तय करना चाहिए। किसान एकता समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवाजी राय ने कहा कि कृषि लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल, पेट्रोल, बीज, स्ट्रमेंट, उर्बरक, दवा, ट्रेक्टर, पम्पिंग सेट्स, खुरपी, कुदाल आदि के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। रस्सी आदि सहित ये सारी चीजें इंडस्ट्रीज बना रही हैं। सामानों की खरीद पर किसान जीएसटी दे रहा है। सबका रेट बढ़ा, लागत बढ़ा, लेबर चार्ज लेकिन गन्ने का सही रेट नहीं बढ़ा। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी तय किया है जबकि किसान को एक मजदूर को 400 रुपये प्रति मजदूर एक दिन की मजदूरी देनी पड़ रही है। पूरे परिवार के साथ सालभर श्रम करने के बाद अपनी फसल से लागत नहीं निकाल पा रहा है और लगातार कर्ज में फंसता जा रहा है। कहा कि गन्ना किसानों के लिए किदवई फामूर्ला या कोई और फामूर्ला अब कारगर नहीं रह गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के लिए स्थायी किसान आयोग बनाये जो सी टू 50 प्रतिशत फामूर्ला जिसके तहत मजदूरी, खाद, बीज के सापेक्ष फसल का दर तय होता है के बजाय सी टू फामूर्ले के तहत एमएसपी तय करे जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, लागत जुड़ी हो। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव राम भवन राव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल कम से कम राज्य सरकार घोषित करे। कुशीनगर को गन्ने का कटोरा कहा जाता है। यह एक नकदी फसल है और किसान परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया है और किसान शिक्षा, स्वास्थ्य, शादी के खर्च के लिए गन्ने की खेती पर निर्भर है। लेकिन कृषि लागत बढ़ी है। रालोद जिलाध्यक्ष कुशीनगर विनोद कुमार कुंवर ने कहा कि कृषि लागत बढ़ने और प्राकृतिक आपदा से गन्ना किसान घाटे में हैं। और किसान गन्ने से मुंह मोड़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से मांग किया कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये घोषित किया जाय।

## संक्षिप्त डायरी

### 35 हजार के बिल जमा कराने के साथ ही 82 बकायेदारों के कनैक्शन काटे गये, 27 रजिस्ट्रेशन हुये : डी. एन. प्रसाद

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा ब्लॉक के पतारा गांव में एक मुश्त समाधान योजना के तहत अधिशाषी अभियंता डी. एन. प्रसाद की देखरेख में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी देते हुए ओटीएस के तहत 27 रजिस्ट्रेशन किये, इसके साथ ही कर्मचारियों ने बकायेदारों के कनेक्शन काटे। अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि विभाग के निदेर्शानुसार ग्राम पतारा में कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी गई। इस मौके पर पतारा गाँव में करीब 35 हजार के बिल जमा कराये गये, जबकि 82 बकायेदारों के कनैक्शन काटे गये। कैम्प में सीए पवन कुमार, अवर अभियंता अशोक कुमार, टीजी-2 अवधेश कुमार, भवानीदीन, दीपक साहनी, अलोक कुमार, शिवम सोनी, सुनील कुमार मीटर रीडर, अनुरुद्ध, शिवम परिहार, आशीष कुमार, प्रेम सिंह (लाइन मैन), राजेंद्र चौरसिया (लाइन मैन) सहित कर्मचारी मौजूद रहे।




### हमीरपुर की मौदहा नगर पालिका में आन लाईन टैक्स कलैक्शन पोर्टल हुआ लान्च





संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा नगर पालिका के सभागार में अपर जिलाधिकारी डॉ नागेंद्र नाथ यादव, इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक घनश्याम कुमार, अधिशासी अधिकारी सीमा सिंह तोमर, नगर पालिका मौदहा अध्यक्ष रजा मोहम्मद, अग्रणी जिला प्रबंधक संगम लाल मिश्र सहित गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में नगर पालिका मौदहा में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की प्रेरणा से ऑनलाइन टैक्स कलैक्शन पोर्टल की लांचिंग की गई। गौरतलब है कि मौदहा नगर पालिका जनपद की पहली ऐसी नगर पालिका है जहां ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल की शुरूआत की गई है, जबकि सहायक महाप्रबंधक घनश्याम कुमार ने बोलते हुये कहा कि हमीरपुर जनपद में इंडियन बैंक हमेशा से सरकार की योजनाओं में सहयोग करने में आगे रहता है, जबकि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया की सोच से इम्प्रैस होकर इंडियन बैंक ने आम लोगों को बेहद सरल, पारदर्शी और वख्त बचाने वाली खूबसूरत पहल की है। वहीं अपर जिलाधिकारी डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने कहा कि सुविधाजनक, सरल कर संग्रहण पोर्टल के लिए इंडियन बैंक ने आम लोगों के लिये एक बेहतर काम किया है, ताकि नगर पालिका के कार्यों में तेजी आये और ज्यादा से ज्यादा टैक्स कलैक्ट हो सके। इस इंतिजाम से नगर पालिका क्षेत्र में सभी प्रकार की परेशानियों को ऑनलाइन घर बैठे ही जान सकें। इस व्यवस्था में ऑनलाइन म्यूटेशन के साथ ही ऑनलाइन वाहनों की ट्रैकिंग होगी साथ ही कर्मचारियों की मौजूदगी भी इसी से ट्रैक की जा सकेगी, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष ने आये हुये सभी मेहमानों से इस पोर्टल के फायदों को आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इंडियन बैंक की इस पहल से मौदहा की जनता के कार्यों में संतुष्टि, तेजी और सरलता आयेगी।

### सदर कोतवाली ने चोरी के माल सहित दो फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश की हमीरपुर सदर कोतवाली पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु०अ०सं० 10/25 धारा 309(6)/351 (2)/352 सहित 317(2) बी०एन० एस० के तहत दर्ज मामले में फरार 25 वर्षीय गौरा देवी नई बस्ती निवासी अभियुक्त दीपक मिश्रा पुत्र प्रमोद कुमार मिश्रा जबकि 30 वर्षीय जलालपुर निवासी राहुल पुत्र कमल सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक रेडमी मोबाइल- 10 सहित 500-500 रुपए के चार नोट( 2000 रू0 ) बरामद किया। पुलिस ने बताया कि दोनों ही अभियुक्त अपराधी प्रवृत्ति के है, दोनों के ही खिलाफ कई संगीन मामले पहले से ही दर्ज हैं। अभियुक्त दीपक मिश्रा पुत्र प्रमोद कुमार मिश्रा का इतिहास। 1. मु0अ0सं0 105/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर हमीरपुर 2. मु0अ0सं0-172/22 धारा 323/336/452/504/506 आईपीसी थाना कोतवाली नगर हमीरपुर 3. मु0अ0सं0- 307/399/402 आईपीसी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 4. मु0अ0सं0 - 347/22 धारा 147/148/149/201/302/307 आईपीसी थाना पैलानी जनपद बाँदा 5. मु0अ0स0-350/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पैलानी थाना बाँदा 6. मु0अ0सं0-10/25 धारा 309(6)/351(2)/352 व 317(2) इठर थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर जबकि दूसरे अभियुक्त राहुल पुत्र कमल सिंह का इतिहासः 1. मु0अ0सं0-248/16 धारा 120बी/224/326/395/397/412 आईपीसी थाना कोतवाली नगर हमीरपुर 2. मु0अ0सं0- 19/2016 धारा 342/398/452/506 आईपीसी थाना जलालपुर हमीरपुर 3. मु0अ0सं0-20/2016 धारा 307/395/397/412 आईपीसी व 7 क्रि0लॉ एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर 4. मु0अ0सं0-75/2016 धारा 307/394/411/452 आईपीसी व 7 क्रि0लॉ एक्ट व 13 म0प्र0 डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधि0थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर 5. मु0अ0सं0-76/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर 6. मु0अ0सं0-79/2016 धारा 2बी//3 उ0प्र0गै0एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर ।



# शोटोंकान द ब्लैक बेल्ट की नई शाखा का उद्घाटन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**ग्रेटर नोएडा।** कद्यनाजावा शोटोकान रियो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में आज पश्चिम विहार में एक और नई शाखा शोटोंकान द ब्लैक बेल्ट का उद्घाटन हंसी भरत शर्मा प्रेसिडेंट कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा किया गया । इस मौके पर क्योशी सतनाम सिंह (हैप्पी) शीहान राकेश धवन सिहान उमेश शर्मा सिहान देवेंद्र अग्रवाल सिहान प्रवीण सैनी सिहान अनिल बारिया संसाई जग करण सिंह और सैनसाई जसप्रीत सिंह उपस्थित थे। क्योशी सतनाम सिंह, हैप्पी (प्रेसिडेंट के, एस, एर, एफ, आई) के तत्वाधान में जनरल सेक्रेटरी राकेश धवन ने हाल ही में जनवरी 2025 महीने में जमुना पार में एम,एफ, मॉन्क फाउंडेशन के नाम से एक संस्था का उद्घाटन किया था।

# प्रियंका अग्रवाल महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नियुक्त



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा की इलेक्टेड पीसीसी डेलीगेट व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल की धर्मपत्नी प्रियंका मनोज अग्रवाल को हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में एक बार पुन: प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रियंका अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुधा भारद्वाज सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उनमें जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगी तथा फरीदाबाद में वह अपनी पूरी टीम के साथ प्रदेश महिला कांग्रेस को और मजबूती देने के लिए अथक परिश्रम करेंगी और प्रदेश में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें कांग्रेस के साथ जोडने् का काम करेंगी। अपनी नियुक्ति पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव प्रियंका अग्रवाल ने आज महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुधा भारद्वाज को फूलों का बुक्के भेंट कर उनका आभार जताया और उन्हें विश्वास जताया कि फरीदाबाद में महिला कांग्रेस को मजबूत करने में वह कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेगी और कर्मठ व मेहनती महिलाओं को संगठन से जोडने. का काम करेगी। प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी को त्राहि-त्राहि करने को मजबूर कर दिया है, खासकर गृहणियों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है, रसोई गैस, सब्जी, फल सहित अन्य खाद्य वस्तुओं के दामों में इजाफा करके सरकार ने लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार लोगों को राहत देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है और जनता का अब इस सरकार से मोहभंग होने लगा है। प्रियंका अग्रवाल ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार झूठ और दुष्प्रचार की बुनियाद पर बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव में हर प्रकार के हथकंडे अपनाए, लेकिन फिर भी प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी है। उन्होंने आगे कहा की कुमारी सैलजा के नेतृत्व में हम पूरी मजबूती के साथ जनता की लड़ाई लडने. के लिए कटिबद्ध हैं। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से सोनू चौधरी, संतोष जून, मयूरी सिंह, रेखा, अनीता शर्मा, धर्मवती आदि मौजूद थी।

# कडक़्ती ठड़ में दो बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** बुजुर्गो को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति(रजि0) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने आज फिर दो बेसहारा बुजुर्गो को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि इस कडक़्ती ठड़ में दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। समिति के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने फोन पर सूचना दी कि एक बुजुर्ग महिला बाटा पुल के नीचे लावारिस हालत में बैठी है। इसके अलावा संस्था के महासचिव सूरज आर्य ने सूचना देकर बताया कि एक अन्य बुजुर्ग महिला बीके अस्पताल के गेट के पास लावारिस हालत में बैठी है।

किशन लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी पुत्री कोमल बजाज के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत दोनो को उठाकर वृद्वाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर एक बुजुर्ग महिला ने अपना नाम निशा डेढ़ा धर्मपत्नी सतीश डेढ़ा उम्र 55 वर्ष बताया। दूसरी बुजुर्ग महिला ने अपना नाम कमला देवी धर्मपत्नी प्यारे लाल और उम्र 62 वर्ष बताया। इसके अलावाा दोनों महिलाएं कुछ भी बताने में असमर्थ थी। किशन लाल बजाज ने बुजुर्गो को आश्वासन दिया कि जब तक चाहे वह आश्रम में रह सकती है और उनके खाने और पहनने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि बुजुर्गो के बारे में लिखित सूचना एक नंबर कोतवाली पुलिस में दे दी जाएगी।

# मण्डल अध्यक्षों की घोषणा




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल फरीदाबाद पर ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के चारों नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों की घोषणा कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को उनके आगामी कार्यकाल की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा जी, जिला प्रभारी श्री नरेन्द्र वत्स जी, पूर्व ज़िलाध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा जी, पूर्व विधायक श्री नरेन्द्र गुप्ता जी, युवा भाजपा नेता श्री अमन गोयल जी सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपसथित रहे।

# नशा मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है : अशोक कुमार वर्मा

## 9050891508 अथवा MANAS अथवा 1933 पर दें नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे नव-जीवन पब्लिक स्कूल सेक्टर 10 फरीदाबाद में पहुंचे हुए थे। विद्यालय के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों, 8 शिक्षकों और 5 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है।दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युवाओं को विशेष रूप से विद्यार्थियों को चक्रव्यूह, रामगुरुकुल गमन, नून लौटा आदि आधुनिक तकनीकों के साथ साथ पारंपरिक जागरूकता पाठशालाओं के माध्यम से निरंतर जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा में अब तक 2600 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर 16 लाख 70 हज़ार से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चूका है। उन्होंने बताया कि 574 से अधिक युवाओं को नशे से बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने नारों, कविताओं और उदाहरणों से विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन द्वारा किये गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा MANAS पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

# ठंड में रखें पाचन और मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान : विशेषज्ञों की सलाह

## एकॉर्ड अस्पताल वे नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसो. ने किया सेमिनार का आयोजन




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 सथित एकॉर्ड अस्पताल व नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन एनआईटी के संयुक्त तत्वावधान में नीलम चौक स्थित एक होटल में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपसथित रहे। नीमा एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. मोहिनी अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. अनुराधा भाटिया, कोषाध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। सेमिनार में 100 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उन्हें इलाज की नई तकनीकों से अवगत कराया। डॉ. रोहित गुप्ता ने न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स के इलाज में नवीनतम तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि माइग्रेन, मिर्गी और पार्किंसंस जैसी बीमारियों के उपचार में उन्नत न्यूरोमॉड्यूलेशन तकनीक और डीप ब्रेन स्टिमुलेशन का उपयोग प्रभावी हो रहा है।

डॉ. गुप्ता ने न्यूरोइमेजिंग तकनीकों, जैसे फंक्शनल एमआरआई और ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन के उपयोग की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें न केवल रोगों का सही तरीके से निदान करती हैं, बल्कि जटिल न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के लिए बेहतर इलाज का मार्ग प्रशस्त करती हैं। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद सोनी ने पाचन संबंधी बीमारी के उपचार में नई एंडोस्कोपिक तकनीकों की जानकारी दी। उ

न्होंने बताया कि मिनिमली इनवेसिव एंडोस्कोपी, कैप्सूल एंडोस्कोपी और रोबोटिक सर्जरी जैसी तकनीकें अब सर्जरी के समय को कम करने और मरीजों की रिकवरी को तेज करने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इरिटेबल बाउल सिंड्रोम, फैटी लिवर और पाचन तंत्र के कैंसर के इलाज में व्यक्तिगत चिकित्सा (पर्सनलाइज्ड मेडिसिन) की भूमिका पर भी चर्चा की। नई तकनीकों के उपयोग से जटिल रोगों का सटीक और प्रभावी उपचार संभव हो रहा है। डॉक्टरों को विभिन्न मामलों के क्लिनिकल केस स्टडीज के माध्यम से नई प्रक्रियाओं को समझाया गया। इस दौरान उन्नत तकनीकों के सही उपयोग के लिए विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने की सलाह दी। सेमिनार में शामिल डॉक्टरों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी उन्हें अपने मरीजों को बेहतर इलाज देने में सहायक होगी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे बदलावों और नई तकनीकों को समझने में मददगार हैं। उन्होंने डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे इन तकनीकों को अपनाकर मरीजों की सेवा में सुधार लाएं। इस मौके पर डॉक्टरों ने विशेषज्ञों से सवाल जवाब भी किए। जिसका उन्होंने बखूबी जवाब दिया।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव आज, लागू की धारा 163 : विक्रम सिंह

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने रविवार 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के फरीदाबाद के वार्ड नंबर 40 के आम चुनाव के मद्देनजर चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने व चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए के लिए आम चुनाव व मतगणना प्रक्रिया के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान केंद्र के आस-पास अवांक्षित गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं।

**जिला फरीदाबाद में 19 जनवरी को होने हैं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव**

जिलाधीश ने हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में सक्षम अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति व मतदाता के अलावा अन्य व्यक्ति की गतिविधि पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने आदेशों में स्पष्ट किया है कि 19 जनवरी को मतदान के दिन किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का टेलिफोन, सेल्युलर, मोबाइल फोन, कोर्डलेस फोन, वायरलेस सेट ले जाने पर भी पाबंदी रहेगी और मतगणना स्थल के 200 मीटर के दायरे में किसी भी विस्फोटक पदार्थ, आग्नेयास्त्र या अन्य कोई आपततिजनक हथियार जैसे गंडासा, कृपाण, चाकू, कुल्हाड़ी, भाला, लाठी, साइकिल चेन और कोई अन्य ऐसी चीज जो आपततिजनक हथियार के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है या अन्य ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**मतदान केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश रहेगा निषेध :**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने गुरूद्वारा चुनाव आयुक्त हरियाणा की ओर से जारी किए गए निर्देशों की अनुपालना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते जिला में बनाए गए पोलिंग बूथ पर सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतदाता, पोलिंग ऑफिसर, एक समय में उम्मीदवार का चुनाव एजेंट व एक पोलिंग एजेंट, गुरूद्वारा चुनाव आयोग की ओर से अधिकृत व्यक्ति, पब्लिक सर्वेंट ऑन ड्यूटी (पुलिस अधिकारी को छोडक़र), मतदाता द्वारा गोद में लिए हुए बच्चे, अंधे व अशक्त मतदाता जो चनने फिरने में असमर्थ है व बिना सहायता के वोट नहीं कर सकता की सहायता के लिए व्यक्ति के अलावा प्रजाइडिंग ऑफिसर द्वारा किसी को मतदान केंद्र में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## संस्था द्वारा हॉर्ट अटैक से बचने के लिए जागरूकता सेमिनार आयोजित

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ह्यूमन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कन्ट्रोल आर्गेनाइजेशन संस्था एवं बत्रा हॉर्ट एण्ड मल्टीस्पेषलिटी हॉसपिटल के तत्वाधान में हॉर्ट अटैक से बचने के लिए एनजीओ के लोगों के बीच जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बत्रा हस्पताल के डायरेक्टर एवं चेयरमेन डॉ0 पंकज बत्रा ने सेमिनार में आए हुए सभी लोगों को न सिर्फ हार्ट अटैक के कारणों के बारे में बल्कि उसके लक्षण और उससे बचाव के तरीके के बारे में भी बताया गया। साथ ही उन्होंने लोगों को सीपीआर करने के तरीके के बारे में बताया, ताकि कम समयावधि रहते लोगों को हॉर्ट अटैक के समय सीपीआर के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। डॉ. बत्रा ने बताया कि हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण स्ट्रेस का होना है। स्ट्रेस के कारण डाइबिटीज और ब्लड प्रेशर बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। ये दोनों बीमारी के कारण हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है। इसलिए जरूरी है कि स्ट्रेस को कम रखें और डाइबिटीज और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों को नियंत्रित रखने के लिए शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। सुबह या दिन में पैदल चलना चाहिए। खानपान को सही रखें। अनाज की चीजों से दूर रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देकर मरीज को बचाया जा सकता है।

## संपादकीय

# न सुशासन, न रोजगार

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक फ्रीबीज की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को रिश्वत नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुन: आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी तलाक ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार गला मरोड़ने में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं। चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यही वजह है कि भाजपा नीत एनडीए, आप नीत संभावित तीसरा मोर्चा और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में एक-दूसरे को मात देने के लिए अपने-अपने फ्रीबीज के सियासी घोड़े खोल रखे हैं। वह भी तब, जब करदाताओं की ओर से इसकी खुलेआम आलोचना हो रही है। वहीं, आपने देखा-सुना होगा कि केंद्र सरकार की अटपटी नीतियों पर सर्वोच्च न्यायालय तक ने टिप्पणी की, कि आखिर 80 करोड़ लोगों को आप कबतक मुफ्त या फिर कम कीमत पर अनाज देंगे। ऐसे में उन्हें आप रोजगार क्यों नहीं दे देते! कोर्ट की यह टिप्पणी जायज है और प्रशासन यदि चाहे तो उसके लिए यह मुश्किल भी नहीं है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है, यह नीति एक नए आर्थिक और अर्थव्यवस्था के संकट को जन्म दे सकती है। इसलिए इसको हतोत्साहित करने के लिए मतदाताओं को ही आगे आना होगा, अन्यथा यह नीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक कैंसर साबित होंगे। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये भी तो इसी बात की चुगली करते हैं।

आपने देखा-सुना होगा कि सरकार ने उद्योगपतियों के इतने के कर्जे माफ कर दिए, या फिर इतनी की सबसिडी इन-इन धंधों/पेशों में दी जा रहीं हैं। इसी तरह से सरकार ने किसानों के इतने के कर्जे माफ कर दिए और इन-इन चीजों पर इतनी सबसिडी दे रही है। इसी तरह से समाज के विभिन्न वर्गों को भी लुभाने के लिए सरकार कुछ न कुछ देकर दानी-दाता बनी हुई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार सबको सुशासन क्यों नहीं दे रही है? सड़कों पर इंसान सुरक्षित क्यों नहीं है? चाहे खेती हो या कारोबार, चोरी और लूट की बढ़ती फितरत से उद्यमी व मेहनतकश वर्ग परेशान है। वहीं, डिजिटल धोखाधड़ी और प्रशासनिक तिकड़मों का तो कहना ही क्या है? बेहतर पुलिसिंग आज भी यक्ष प्रश्न है।

वहीं, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधनों पर सरकार और उसके पूंजीपति मित्रों का बढ़ता कब्जा, भूमि और मौद्रिक संसाधनों के असमान बंटवारे की नीति, समान मताधिकार से इतर विभिन्न कानूनी असमानताएं समाज और व्यवस्था को निरंतर खोखला करती जा रही हैं। इससे पूंजीपतियों की जमात, उनके शागिर्द, प्रशासनिक हुक्मरान और उसकी पूरी चेन, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फौज और उनके करीबी लोग तो हर तरीके से मस्त हैं, लेकिन आमलोगों की फटेहाली पर तरस खाना स्वभाविक है। जिनके पास कुछ पूंजी-पगहा, मकान-दुकान या खेती योग्य जमीन या फिर छोटी-मोटी निजी या सरकारी नौकरी है, वह तो किसी तरह गुजर-बसर कर लेते हैं, लेकिन जो न शिक्षित हैं, न संसाधनों से लैस, उनकी बेचारगी देखते ही बनती है। ऐसे में सबको समान शिक्षा और योग्यता के मुताबिक रोजगार देने की सरकारी नीति आखिर कब आकार लेगी, ज्वलंत प्रश्न है। वहीं, न तो सबके लिए जनस्वास्थ्य सुनिश्चित है और न ही सुविधाजनक परिवहन। गरीबी हटाओ और रोटी-कपड़ा-मकान का नारा भी टांय-टांय फिस्स हो चुका है। सबको शिक्षा-स्वास्थ्य-सम्मान की सामाजिक न्याय वाली बात भी पूंजीपतियों के एजेंडे की दासी बन चुकी है। यह सब इसलिए कि भले ही सरकार अपने नागरिकों के लिए विभिन्न राष्ट्रीय समानताओं की बात करती है, लेकिन असमान कानूनों को गढ़कर वह ही सबसे ज्यादा सामाजिक विभेद भी पैदा कर रही है। सवाल है कि उसका लोकतंत्र आखिर पूंजीपतियों का संरक्षक क्यों बना बैठा है। क्या फ्रीबीज का लॉलीपॉप थमाकर पूंजीपति सभी राष्ट्रीय संसाधनों पर काबिज हो जाएंगे, फिर उसके बाद लोगों को बाबाजी का ठुल्लू थमा देंगे, यही उनकी योजना है। यदि यही न्यू वर्ल्ड आर्डर है या फिर ग्लोबल पैटर्न तो फिर समाज के प्रबुद्ध वर्ग को सावधान हो जाना चाहिए। क्योंकि दलितों और पिछड़ों के लोकलुभावन वोटिंग पैटर्न के चक्कर में सबसे ज्यादा समाज का माध्यम वर्ग ही पिसेगा, यही नई त्रासदी है।

## मुख्यमंत्री ने जिला नूंह में अवैध खनन संबंधी गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के दिए निर्देश: विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि करनाल में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न मुद्दों के साथ जिला नूंह में अवैध खनन संबंधी मामले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला नूंह में अवैध खनन संबंधी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जाए। बैठक के बाद खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग ने खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिला प्रशासन के साथ मिलकर जिला नूंह में अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन सर्वेलेंस जैसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें। इसके लिए संबंधित विभागों का एक सेल बनाया जाए, जो निरंतर अवैध खनन संबंधी गतिविधियों पर नजर रखेगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि जिला में अवैध खनन संबंधी गतिविधियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन सख्ती से कार्य करेगा। दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए इनफॉरसमेंट टीम को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं।

# भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई के निधन पर गांव बाई में शोक जताने पहुंचे लोग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधानसभा से भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई रफीक खान के निधन के दूसरे दिन कई बड़े नेता शोक जताने उनके पैतृक गांव बाई में पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से पहुंचने वाले नेताओं में फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष नत्थूराम गुर्जर, बल्ला चेयरमैन, पूर्व बार प्रधान साजिद खान, जिला महामंत्री बंटी आर्य, नरेंद्र शर्मा, श्रीपाल शर्मा, बीरपाल कालियाका, जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, ब्लाक समिति के पदाधिकारी सहित चौधरी सपात मेवली भी पहुंचे। बता दें कि बीते दिनों नूंह विधानसभा से भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन के भाई रफीक खान का निधन हो गया था। शुक्रवार को उनके गांव में उन्हें सुपुर्द ए खाक



किया गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों के साथ नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद, पूर्व मंत्री संजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, विधायक मामन इंजीनियर, जिला प्रमुख जान मोहम्मद, रफीक हतोड़ी प्रधान, सनाउल्लाह सरपंच, अड़बर, इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन, जजपा नेता नासिर हुसैन बदरूद्दीन, कमल एडवोकेट पूर्व बार प्रधान, चौधरी तैय्यब हुसैन घासेडिया, कासिम बिलाल, एडवोकेट डीसी सैनी, आसफ मेवली, आसिफ व अख्तर चंदेनी, डॉ आबिद हुसैन, फजरु पार्षद, लतीफ पार्षद, बीरपाल कालयाका, रमेश मानुवास, अरशद पूर्व सरपंच बैंसी, नूहं के ब्लॉक समिति सदस्यों में जुबेर, साहिद, नसीम टाई, वसीम उंटका, आरिफ सरपंच खेड़ला, एडवोकेट मुस्तुफा, साजिद सलम्बा पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन, आरिफ व साजिद नीमखेड़ा, नाथू बल्ला, हाजी सिराजु सहित अन्य गणमान्य लोग पहुंचे। अभी आगामी दो दिनों तक भाजपा नेता जाहिद हुसैन अपने बाई गांव में ही बैठकर परिवार जनों के साथ शोक प्रकट करेंगे। बता दें कि चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन व उनका परिवार क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक दृष्टि से अपनी अलग पहचान रखता है। आगामी दो दिनों में भी नूंह जिला के साथ अन्य जगहों से सगे संबंधी पहुंचेंगे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है हरियाणा : जान मोहम्मद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। भाजपा की हरियाणा में बनी लगातार तीसरी बार सरकार में हरियाणा का सभी वर्ग खुश है। उक्त बातें हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व नूंह जिला के जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने करनाल में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के करनाल जिला अध्यक्ष वाजिद अली की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कही।

जान मोहम्मद ने कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश लगातार मजबूत हो रहा है वही हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल हैं और मुख्यमंत्री की कार्यशैली से खुश हैं। आज प्रदेश में चारों ओर विकास कार्यों की झड़ी लग रही है। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार

### अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद ने करनाल में कार्यकर्ताओं की बैठक

पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद ने कहा कि आज हरियाणा में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को लाभानवित योजनाओं पर अमलीजामा पहनाया जा रहा है और सरकार सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर विकास के नये आयाम स्थापित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिससे प्रदेश की जनता हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार से खुश हैं।

इससे पहले हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद का करनाल पहुंचने पर मोर्चा के करनाल जिला



अध्यक्ष वाजिद अली सहित सभी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इतना ही नहीं इस मौके पर सभी मोजूद कार्यकर्ताओं ने जान मोहम्मद को हरियाणा प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान में 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने पर मोदी रत्न मिलने पर उनका सम्मान किया और कहा कि हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज प्रदेश भर में भाजपा के साथ लगातार जुड़ रहा है।

इस मौके पर जान मोहम्मद ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी कार्यकर्ताओं का पूरा पूरा मान सम्मान रखा जाएगा। इतना ही नहीं सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर चलने के साथ साथ सभी का समान विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आज जो सम्मान व पकड़ी बांधकर जो प्यार दिया है उसके लिए वो हमेशा करनाल की जनता का आभारी रहेंगे।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र दुआ के निधन पर जताया शोक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र दुआ के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र दुआ एक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज के हर पहलु को उजागर किया। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। मीणा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि सुरेन्द्र दुआ का योगदान पत्रकारिता में हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र में जो खालीपन आया है उसकी भरपाई लंबे समय तक करना मुश्किल होगा। उपायुक्त ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की और



परिवार के सदस्यों के प्रति सांत्वना व्यक्त की। एसडीएम तावडू संजीव कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़, एआईपीआरओ अशोक राठी व जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों, जिला से संबंधित वरिष्ठ पत्रकारों व पत्रकार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र दुआ के निधन पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रशासन के अधिकारियों ने शोक जताते हुए कहा कि सुरेंद्र दुआ समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वह समय-समय पर जिले की समस्याओं को भरपूर तरीके से प्रशासन के समक्ष रखते थे। परिवार वालों ने बताया कि तावडू निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र दुआ करीब 71 वर्ष के थे। शनिवार सुबह सीने में उठे दर्द के चलते उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए भिवाड़ी के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद बीता दूसरा दिन, नहीं हुआ बागोत के मोहित का अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बाागोत निवासी सुसाइड करने वाले 26 वर्षीय युवक मोहित के शव का हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद दूसरे दिन शनिवार को भी दाह संस्कार नहीं हो सका। मृतक के पिता कैलाशचंद द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने 3 दिन में डेड बॉडी का अंतिम संस्कार करने के आदेश दिए थे। जिसके मुताबिक आज रविवार 19 जनवरी को शव का अंतिम संस्कार किया जा सकता है।

### हाईकोर्ट में कैलाश चंद की अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दिए थे 3 दिन में अंतिम संस्कार के आदेश

### आज रविवार को हो सकता है दाह संस्कार

सुनवाई के दौरान वादी एवं प्रतिवादी पक्षकार की उपस्थिति में कोर्ट ने याचिका पर गंभीरता से विचार किया। हाईकोर्ट के न्यायधीश ने अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। कोर्ट के इस आदेश के बाद ग्रामीणों एवं जिला प्रशासन ने राहत की सांस महसूस की थी। लेकिन कोर्ट के आदेश के दो दिन व्यतीत होने के बावजूद स्थिति यथावत है। हालांकि शुक्रवार को एसडीएम जितेंद्र सिंह, थाना इंचार्ज मुकेश कुमार, युद्धवीर सिंह, कानूनगो उमेद सिंह जाखड,विक्रम सिंह,सुधीर कुमार होई कोर्ट का नोटिस तामील करवाने बागोत गए थे जिसे कैलाशचंद ने लेने से मना कर दिया था। उन्होंने पहले केस दर्ज करने तथा उसके बाद मोहित का अंतिम संस्कार करने करने की बात कही।

होईकोर्ट के आदेशानुसार रविवार को तीन दिन का समयावधि समाप्त हो रही है लेकिन मामला जस का तस दिखाई दे रहा है। बता दें कि कैलाश चंद के 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात्री करीब आठ बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे उपनागरिक अस्पताल कनीना में भिजवाकर शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उसका पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था।

पुलिस प्रशासन इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने को कह रहा था। जबकि मृतक से किसी प्रकार सुसाईड नोट आदि नहीं मिला था। पिछले 37 दिन का समय व्यतीत होने के बाद भी मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। जिस पर पुलिस कर्मचारी लगातार नजर बनाए हुए हैं। रविवार को भी शव का अंतिम संस्कार होता है या नहीं इसे लेकर चर्चाओं का दौर गरम है।

## एसडी स्कूल काकराला में ब्लू-डे आयोजित




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव ककराला स्थित एसडी विद्यालय में शनिवार को ब्लू-डे का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नीले रंग के परिधान पहन कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। समारोह की शुरुआत स्कूल के चेयरमैन जगदेव यादव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नीले रंग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह रंग शांति, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। समारोह में छात्रों ने नीले रंग के साथ जुड़ी विभिन्न गतिविधियों जैसे चित्रकला, निबंध लेखन और संगीत प्रदर्शन में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक और कल्पनाशील बुद्धि का प्रदर्शन किया। इस समारोह की रूपरेखा कोऑर्डिनेटर स्नेहलता, प्रियंका यादव, ईश्वर सिंह, जोगेंद्र यादव सहित अन्य अध्यापकों द्वारा तैयार की गई थी। नीला दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों में रंगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मकता को पहचान कर प्रोत्साहित करना था। विद्यालय प्रधानाचार्य ओमप्रकाश एवं सीईओ् रामधारी यादव ने समारोह में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## घर से निकली 30 वर्षीय महिला लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 30 वर्षीय महिला लापता हो गई। इस बारे में संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी बीती 16 जनवरी को सुबह करीब दस बजे बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने अज्ञात व्यक्ति पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## श्योराण बावनी का बेटा विशाल श्योराण बना पायलट

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**



**सिवानी।** श्योराण बावनी के गांव ओबरा के शेर सिंह श्योराण के घर जन्मा विशाल श्योराण ने बचपन में हवाई जहाज उड़ाने का देखा था सपना, शुक्रवार को विशाल श्योराण का चयन एयर इंडिगो में पायलट के पद पर हुआ। यह जानकारी साझा करते हुए विशाल श्योराण के पिता नरेश श्योराण ने बताया कि विशाल का चयन एयर इंडिगो में हुआ। विशाल श्योराण एक संयुक्त परिवार से तालुक रखते हैं। विशाल की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई केंद्रीय विद्यालय में हुई उसके बाद उसका चयन सैनिक स्कूल कुंजपुरा में हो गया । विशाल के पिता भी भारतीय सेना से सेवा सेवानिवृत्ति है। उनका सिवानी में अपना खुद का व्यवसाय हैं जो बालाजी इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर के नाम से दुकान है। विशाल श्योराण का बड़ा भाई भी भारतीय जल सेना में अधिकारी है। विशाल श्योराण की माता कमला देवी ग्रहणी है । कमला देवी ने भावुक होते हुए बताया कि विशाल पढ़ाई में बहुत होशियार था। विशाल श्योराण ने कड़ी मेहनत कर अपना सपना साकार किया है। यह खबर सुनकर विशाल श्योराण के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। पूर्व कमिश्नर जगदीप श्योराण, नरेंद्र राज गागड़वास ,पूर्व कृषि व वित मंत्री के पीए नवीन बराला, समाज सेवी राजेश केडिया, समाज सेवी अमित लोहिया, नवीन सूरतपुरिया, विनोद शर्मा कलाली, मुकेश पटवारी इत्यादि बधाई देने पहुंचे।

## उपायुक्त व निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार और निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी जमीन पर पड़ी कबाड़ गाड़ियों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कचरा फेंके जाने वाले स्थानों पर जर्सी बैरियर लगाने का सुझाव दिया ताकि ड्रेन में कचरा जाने से रोका जा सके। अधिकारियों ने राजीव चौक, नाहरपुर रूपा, राष्ट्रीय राजमार्ग, हीरो होंडा चौक, सुभाष चौक, सोहना रोड, वाटिका चौक, बादशाहपुर, कादरपुर रोड, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 55, 56, 57 सहित आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था की स्थिति जांची।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### दबाव डालने से चीन की प्रगति नहीं रुकेगी




**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने हाल में चीन से संबंधित अमेरिका के कई व्यापारिक प्रतिबंधों के बारे में बयान जारी किया। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में बाइडन सरकार ने अपने शेष कार्यकाल में चीन पर कई व्यापारिक प्रतिबंध जारी किए और तथाकथित राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने चीन को सेमीकंडक्टर के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाया। इसके साथ बाइडन सरकार ने अमेरिका में चीनी कनेक्टेड कार के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर व वाहन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया और चीन समेत कुछ देशों के यूएवी व्यवस्था के खिलाफ सूचना, संचार प्रौद्योगिकी और सेवा सुरक्षा की समीक्षा शुरू की। कई चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया और कई चीनी संस्थाओं को कुख्यात बाज़ार के रूप में सूचीबद्ध किया गया। चीन इसका कड़ा विरोध करता है। प्रवक्ता ने कहा कि बाइडन सरकार के संबंधित कदमों से चीनी उद्यमों के कानूनी हितों, बाजार नियमों और अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। इससे अमेरिका समेत विभिन्न देशों के उद्यमों के हितों को क्षति पहुंचेगी। अमेरिका के व्यापक मुख्य कंपनियों और उद्योग संघों ने कुछ कदमों का विरोध जताया और कुछ देशों व क्षेत्रों ने भी असहमति व्यक्त की। अमेरिका सरकार की कार्रवाई बिलकुल आर्थिक दबाव और धौंस जमाने का व्यवहार है, जो गैरजिम्मेदाराना है। इससे न सिर्फ चीन–अमेरिका व्यापारिक संबंध, बल्कि विश्व आर्थिक स्थिरता और विकास पर भी बुरा असर पड़ेगा।

### अमेरिकी बच्चों ने एज़ यू विश गीत गाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित किया

बीजिंग, एजेंसी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। एक रिपोर्टर ने पूछा कि हाल ही में, पेइचिंग के स्वर्ग मंदिर में अमेरिकी बच्चों के गायक मंडली वन वॉयस द्वारा चीनी गीत एज़ यू विश गाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय हुआ, जिसे दस लाख से अधिक लाइक मिले और नेटिज़ेंस ने कहा कि उन्होंने वास्तव में अच्छा गाया। इस पर प्रवक्ता की क्या टिप्पणी है? इस संबंध में क्वो च्याखुन ने कहा कि इस वीडियो को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है और अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जो एक बार फिर दिखाता है कि चीन और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान को मजबूत करना लोकप्रिय है और जनता की राय के अनुरूप है। नवंबर 2023 में, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सैन फ्रांसिस्को में घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 50,000 अमेरिकी युवाओं को आदान–प्रदान और अध्ययन के लिए चीन आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से प्रेरित होकर, 2024 में कुल 16,000 से अधिक अमेरिकी युवा आदान–प्रदान और अध्ययन के लिए चीन आए हैं। उन्होंने चीन में नए दोस्त बनाए, नई भाषा सीखी, चीनी संस्कृति का अनुभव किया और आधुनिक चीन को महसूस किया। देशों के बीच आदान–प्रदान की ताकत उनके लोगों के बीच मैत्री में निहित है। उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच मैत्री को बढ़ावा देने वाले अधिक नई पीढ़ी के दूत चीन–अमेरिका संबंधों के स्थिर, स्वस्थ और सतत विकास का एक नया अध्याय लिखना जारी रखेंगे।

### चीनी अल्पसंख्यक जातीय क्षेत्रों में विकास के लिए 6.66 अरब युआन की निधि मिली

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रीय जातीय मामलों के आयोग से मिली खबर के अनुसार, अब तक, साल 2025 ग्रामीण पुनरुद्धार के संवर्धन और अल्पसंख्यक जातीय विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की सब्सिडी निधि के 6.66 अरब युआन अग्रिम रूप से जारी किए गए हैं। बताया गया है कि इस निधि का उपयोग अल्पसंख्यक जातीय क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों को समेकित और विस्तारित करना, व्यापक रूप से ग्रामीण पुनरुद्धार को बढ़ावा देना आदि क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके साथ ही, इस निधि से जातीय विकास के लिए नीति प्रणाली में और सुधार किया जाएगा, सामंजस्यपूर्ण गांवों के निर्माण को आगे बढ़ाया जाएगा, अल्पसंख्यक जातीय व्यापार और उत्पाद उद्योगों में सुधार किया जाएगा, और अल्पसंख्यक जातीय हस्तशिल्प ब्रांडों के विकास की पदोन्नति की जाएगी।

### ट्रंप ने फिल्म स्टार मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, बोले– ये मेरे आंख और कान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को फिल्म अभिनेता जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को हॉलीवुड के लिए अपना विशेष राजदूत नियुक्त किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने ये भी लिखा कि हॉलीवुड मुश्किल समय से गुजर रहा है और ये तीनों उसका स्वर्ण युग वापस लेकर आएंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा पोस्ट में लिखा कि ये मेरे लिए सम्मान की बात है कि जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन, मुश्किलों से जूझ रहे, लेकिन महान हॉलीवुड के विशेष राजदूत होंगे। वे मेरे विशेष प्रतिनिधि के तौर पर सेवाएं देंगे और हॉलीवुड को फिर से मजबूत और बेहतर बनाएंगे।

# सिंगापुर विवि में इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर हुए प्रदर्शन की जांच शुरू, छात्रों के खिलाफ केस



**सिंगापुर सिटी, एजेंसी।** सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का मामला जोर पकड़ रहा है। विवि में येरुशलम के हिब्रू विवि के साथ एक शोध गठबंधन का छात्रों ने विरोध किया। विवि परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन पर सिंगापुर ने छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सिंगापुर सरकार ने एक बार फिर फलस्तीनियों की मदद का एलान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विवि में क्रिएट रिसर्च बिल्डिंग के सामने छात्रों ने 100 जोड़ी जूते और सफेद कफन रखकर विरोध किया। छात्रों ने इस्राइल हमास युद्ध में जान गंवाने वाले फलस्तीन छात्रों के प्रति शोक व्यक्त किया। स्टूडेंट्स फॉर फलस्तीन सिंगापुर के नेतृत्व में इस हुए प्रदर्शन में छात्रों ने सिंगापुर से इस्राइल के साथ शैक्षिणिक, आर्थिक और राजनीतिक संबंध समाप्त करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बताया कि उन्होंने क्रिएट रिसर्च बिल्डिंग को इसलिए चुना क्योंकि इसमें येरुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ अनुसंधान गठबंधन है। यह गठबंधन गाजा में नरसंहार का मुखर और वित्तीय रूप से समर्थन करता है। छात्रों ने सिंगापुर के विश्वविद्यालयों से इस्राइली विवि के साथ सहयोग समाप्त करने का आह्वान किया। इसके अलाव छात्र संगठन ने विवि से इस्राइली सेना से जुड़ी कंपनियों के साथ सभी वित्तीय निवेशों से अलग होने तथा छात्र कार्यकर्ताओं पर पुलिस निगरानी और धमकी बंद करने का भी आग्रह किया।

**बिना अनुमति सभा करने के नियम का पालन नहीं हुआ: पुलिस :** विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस ने छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कहा कि सिंगापुर में सार्वजनिक सभाएं सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम 2009 के तहत होती हैं। यहां पुलिस की अनुमति के बिना सार्वजनिक सभा का आयोजन करना या उसमें भाग लेना अपराध माना जाता है। पुलिस ऐसी सभाओं को अनुमति नहीं देगी जो दूसरे देशों या विदेशी संस्थाओं के राजनीतिक कारणों की वकालत करती हों या जिनमें भावनाओं को भड़काने और सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की क्षमता हो। विवि के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारे कैंपस की संपत्ति पर एक अनाधिकृत कृत्य है और रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**फलस्तीनियों को सहायता दे रहा सिंगापुर :** पिछले एक साल में सिंगापुर ने फलस्तीनियों को छह किश्तों में 13.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की मानवीय सहायता दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि विदेश मामलों के दूसरे मंत्री मोहम्मद मलिकी ओस्मान एक चैरिटी संगठन को चेक प्रदान करने के लिए जॉर्डन का दौरा करेंगे। सिंगापुर फलस्तीनियों को अधिक मानवीय सहायता देगा। मंत्री बालाकृष्णन ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में लोगों को मदद की सख्त जरूरत है। हम फलस्तीनियों को समर्थन देना जारी रखेंगे। सिंगापुर फलस्तीनी प्राधिकरण के साथ मिलकर करता रहेगा। सिंगापुर दो-राज्य समाधान का समर्थन करता है और इसकी आशा करता है।

उन्होंने कहा कि यही एक तरीका है जिससे हम व्यापक, न्यायपूर्ण और टिकाऊ शांति स्थापित कर सकेंगे। डॉ. बालकृष्णन ने गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए हाल ही में हुए समझौते का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से हिंसा की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है जिसने एक वर्ष से अधिक समय से इस क्षेत्र को तबाह कर रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है। बहुत अधिक मौतें और विनाश हुआ है। इसलिए कम से कम अब इस बहुत लंबी और कष्टदायक जंग के अंत में आशा और प्रकाश की एक किरण दिखाई दे रही है।

## लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही स्पेसएक्स का अंतरिक्षयान तबाह, मस्क बोले- मनोरंजन की गारंटी है

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को झटका लगा है। दरअसल स्पेसएक्स ने गुरुवार सुबह अपने



स्टारशिप रॉकेट को लॉन्च किया था, लेकिन लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही अंतरिक्षयान का स्पेसएक्स से संपर्क टूट गया और तबाह होने के बाद अंतरिक्षयान का मलबा हवा में फैल गया। एलन मस्क ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा कि सफलता अनिश्चित है, लेकिन मनोरंजन की गारंटी है।

**कंपनी ने जारी किया बयान :** एलन मस्क की कंपनी ने कहा कि टेक्सास के बोका चिका से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही अंतरिक्ष यान के छह इंजन एक-एक करके बंद हो गए। उड़ान के केवल 8 1/2 मिनट बाद ही अंतरिक्षयान का संपर्क टूट गया। यह घटना तब हुई, जब रॉकेट के सुपर हैवी बूस्टर ने अंतरिक्षयान से अलग होना शुरू किया था। यह स्टारशिप रॉकेट की सातवीं परीक्षण उड़ान थी। स्पेसएक्स के मिशन कंट्रोल के कम्युनिकेशन मैनेजर का कहना है कि स्टारशिप से संचार टूटने की वजह ऊपरी चरण में हुई तकनीकी खामी थी और कुछ मिनट बाद ही अंतरिक्षयान पूरी तरह से नष्ट हो गया और उसका मलबा आकाश में बिखर गया। स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसमें अंतरिक्षयान के मलबे के टुकड़े आसमान में बिखरे दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के साथ मस्क ने लिखा कि सफलता अनिश्चित है, लेकिन मनोरंजन की गारंटी है। अंतरिक्षयान को टेक्सास में मैक्सिको की खाड़ी से उड़ान भरी थी और अंतरिक्षयान के साथ 10 डमी उपग्रह भेजे गए थे। अंतरिक्षयान को अपग्रेड किए जाने के बाद यह स्टारशिप रॉकेट की पहली उड़ान थी। हालांकि रॉकेट तबाह होने से कुछ मिनट पहले दुनिया ने एक अदभुत नजारा देखा, जब बूस्टर ने सफलतापूर्वक जमीन पर लैंडिंग की और जिस तरह से लॉन्च पैड के बड़े मैकेनिकल आर्म्स ने बूस्टर को पकड़ा, वह अपने आप में बेहद खास था।

## बांग्लादेश में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस से पहली मौत

**ढाका, एजेंसी।** ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस के दुनियाभर से मामले सामने आ रहे है। बांग्लादेश में भी इस वायरस से एक महिला की मौत की खबर सामने आई है। महिला पहले से ही कई तरह की स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही थी। ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस से मरने वाली महिला संजीदा अख्तर का रविवार से अस्पताल में इलाज चल रहा था, मगर बुधवार को महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट अरिफुल बशर ने गुरुवार एक बयान जारी कर कहा कि महिला पहले से ही मोटापे, किडनी की समस्या और फेफड़ों संबंधी बीमारियों से पीड़ित थी। बता दें कि बांग्लादेश में एचएमपीवी का पहला मामला सामने आने के कुछ दिनों बाद महिला की मौत हुई है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

महामारी विज्ञान रोग नियंत्रण और अनुसंधान संस्थान (आईईडीसीआर) में वायरोलॉजी के प्रमुख अहमद नौशेर आलम ने कहा कि महिला का निमोनिया के एक प्रकार क्लेबसिएला न्यूमोनिया के लिए भी परीक्षण किया गया था जो पॉजिटिव आया। उन्होंने बताया कि मरीज ने विदेश यात्रा नहीं की थी। आईईडीसीआर की निदेशक तहमीना शिरीन ने पहले कहा था कि एचएमपीवी का पहली बार बांग्लादेश में 2017 में पता चला था। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, 2001 में खोजा गया एचएमपीवी रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस न्यूमोविरिडे का वेरिएंट है।

# पाकिस्तान में आर्मी चीफ से मिले पीटीआई चेयरमैन

## समझौते के दावे पर इमरान खान बोले– नवाज शरीफ नहीं हूं, सरकार से डील नहीं करूंगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के चीफ गौहर अली खान ने माना है कि उन्होंने सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात की है। पीटीआई के नेता लगातार इस बात से इनकार कर रहे थे। दरअसल, इमरान खान ने गुरुवार को खुलासा कर दिया कि गौहर और जनरल मुनीर की मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि पीटीआई लंबे समय से दूसरे पक्ष को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद गौहर ने भी माना कि सेना प्रमुख से उनकी मुलाकात हुई।

इससे पहले जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि पीटीआई चीफ को जनरल मुनीर से मिलने के लिए सोमवार को हेलिकॉप्टर से पेशावर ले जाया गया था। जनरल मुनीर पहले से पेशावर में मौजूद थे। इमरान खान ने समझौते को लेकर सोशल मीडिया पर कहा कि वे नवाज शरीफ नहीं हैं कि जेल से बाहर आने के लिए सरकारों से डील करेंगे। इमरान खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 8 फरवरी को ब्लैक डे मनाने को कहा है। उन्होंने इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर देने को कहा है। पाकिस्तान में 8 फरवरी 2004 को चुनाव हुए थे। इस चुनाव से पहले इमरान खान की पार्टी से 'बैट' चुनाव चिन्ह छीन लिया गया था।

**पीटीआई की सरकार के साथ फिर बातचीत शुरू :** गौहर ने अदियाला जेल कोर्ट रूम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने जनरल मुनीर के सामने पार्टी की सभी चिंताएं और मांगे रखी हैं। इस दौरान उनके साथ खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली



अमीन गंडापुर भी थे। यह तीसरा मौका था जब पीटीआई के अधिकारी और सरकार के बीच बातचीत हुई। इसमें पीटीआई ने मुनीर के सामने लिखित मांगे रखीं। रिपोर्ट के मुताबिक जल्द ही पीटीआई के अधिकारी सरकार के और अहम नेताओं से मुलाकात करेंगे। पीटीआई की 2 अहम मांगे 1. 9 मई 2023 और 24 नवंबर 2024 से जुड़ी घटनाओं की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट 2 अलग-अलग एजेंसी का गठन करे। 2. पीटीआई से जुड़े सभी राजनीतिक कैदियों को जमानत मिले, सजा कम हो। 9 मई 2023 को इमरान गिरफ्तार हुए थे, समर्थकों ने हिंसा की पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को 9 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। इससे बौखलाए उनके समर्थकों ने उत्पात मचा दिया। उन्होंने पीएम आवास के साथ-साथ आर्मी हेडक्वाटर, सेना के कई अफसरों के घर पर हमला बोल दिया। वहां जमकर तोड़फोड़ की, वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 24 नवंबर 2024 को इमरान खान की रिहाई के लिए इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शन किया था। सरकार ने इसे सख्ती से इसे दबा दिया था। इमरान ने सरकार की शर्त मानने से इनकार किया पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इमरान खान और सरकार के बीच बातचीत की कोशिशें लंबे समय से हो रही हैं। इससे पहले फौज ने अपनी कुछ शर्तें इमरान खान के सामने रखीं थीं, लेकिन इमरान खान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तानी फौज और प्रशासन इस मामले को लेकर लगातार इमरान खान पर दबाव बनाए हुए हैं कि वह उनकी शर्तों मान लें। रिपोर्ट्स के मुताबिक यदि इमरान खान उनकी शर्तें मान लेते हैं तो पाकिस्तानी फौज और प्रशासन उन्हें जेल से बाहर निकलने पर राजी है।

## हमास से जंग रोकने के खिलाफ इजराइल के रक्षा मंत्री ने नेतन्याहू सरकार से समर्थन वापसी की धमकी दी

**तेल अवीव/दोहा, एजेंसी।** इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री और दक्षिणपंथी नेता बेन-ग्विर इतामार ने हमास के साथ सीजफायर डील का विरोध किया है। गुरुवार शाम बेन-ग्विर ने डील को मंजूरी देने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी। इजराइल टाइम्स के मुताबिक ग्विर ने हमास के साथ समझौते को बड़ी लापरवाही कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी ओत्जमा येहुदित पार्टी नेतन्याहू की लिकुड पार्टी से गठबंधन तोड़ देगी। साथ ही दोबारा सरकार में शामिल होने के लिए गाजा में फिर से युद्ध शुरू करने की शर्त भी रखी है। इजराइल और हमास ने सीजफायर डील पर साइन कर दिए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। डील को लेकर आज सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग होगी। सरकार शनिवार को इसे मंजूरी देगी। इसके बाद 19 जनवरी से सीजफायर लागू होगा।

**डील मंजूरी को लेकर कल नहीं हो पाई मीटिंग :** इससे पहले गुरुवार को डील को मंजूरी देने के लिए कैबिनेट की मीटिंग होनी थी। लेकिन हमास की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मीटिंग कर




रद्द कर दी थी। नेतन्याहू ने आरोप लगाया था कि हमास आखिरी समय में समझौते की शर्तों से मुकर रहा है। इजराइल टाइम्स के मुताबिक, हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों की पहचान से जुड़ा मुद्दा उठाया था, जिसे बाद में मध्यस्थों की मदद से हल कर लिया गया। बुधवार को कतर के प्रधानमंत्री ने डील के फाइनल होने पुष्टि हुई थी। ये डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में इजराइल के 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। बदले में इजराइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। कैसै लागू होगी डील डील के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का होगा। पहले फेज में हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के 250 कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक कतर प्रधानमंत्री थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। बंधकों की पहली फेज की रिहाई के 15 दिन बाद हमास बाकी बंधकों को रिहा करेगा।

## दक्षिण सूडान : हिंसक झड़प में एक सैनिक समेत 16 लोगों की मौत

**जुबा, एजेंसी।** नागेरो काउंटी में दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) और सूडान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-इन-ओपपोजिशन (एसपीएलए-आईओ) के बीच झड़पों में एक सैनिक सहित 16 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नागेरो काउंटी के कमिश्नर हेनरी बंगाडा असाया ने कहा कि हिंसा के कारण 79,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। बंगाडा ने गुरुवार को सिन्हुआ को फोन पर बताया, बुधवार शाम को भी लड़ाई जारी थी। मैंने देखा कि भारी सैन्य हथियार उस जगह जा रहे थे, जहां लड़ाई शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि लड़ाई पश्चिमी बहर अल गजल राज्य के बाजिया तक फैल गई है। एसएसपीडीएफ के प्रवक्ता लुल रुई कोआंग ने कहा कि हिंसक झड़प तब शुरू हुई, जब एसपीएलए-आईओ बलों ने कुबरी-बू ब्रिज पर एक अवैध चौकी को हटाने से इनकार कर दिया।

कोआंग ने कहा, शुरू में हमें लगा कि सड़क अवरोध हटाने का विरोध एक अधिकारी कर रहा है और उसकी इस हरकत में एसपीएलए-आईओ के कुछ तत्व शामिल थे लेकिन बाद में हम पर कुब्री-बू पुल पर हमला किया गया। हमने उन्हें खदेड़ दिया, लेकिन वे फिर आ गए।

कोआंग के अनुसार, एसपीएलए-आईओ बलों ने मंगलवार शाम को एसएसपीडीएफ के कब्जे वाले क्षेत्र में प्रवेश किया और घात लगाकर हमला किया, जिसके कारण एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एसएसपीडीएफ बलों को कुब्री-बू में दो और जमोई में एक तीसरे हमले का सामना करना पड़ा। हालांकि, नागेरो में एसपीएलए-आईओ सेक्टर कमांडर अली सोलोमन साइमन ने एसएसपीडीएफ को छावनी स्थल पर एसपीएलए-आईओ बलों पर हमला करके संघर्ष शुरू करने के लिए दोषी ठहराया। साइमन ने कहा, लड़ाई से पहले, हम यहां छावनी स्थल पर थे, एकीकृत बलों के प्रशिक्षण के दूसरे चरण की प्रतीक्षा कर रहे थे, और मुझे नहीं पता कि सरकार ने मेरी सेनाओं से लड़ने के लिए अपनी सेना को यहां क्यो भेजा। उन्होंने स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, अगर वे चाहते थे कि मेरी सेना सड़क अवरोध को खाली कर दे, तो हमें बैठकर इस पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन अब उन्होंने मेरी सेना के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। मैं इस स्थिति से निराश हूं, क्योंकि हमें 2018 के पुनर्जीवित शांति समझौते को लागू करना चाहिए था, लेकिन सरकारी सैनिक इसके बजाय हमसे लड़ रहे हैं। साइमन ने कहा कि लड़ाई बाजिया तक फैल गई है, जहां अब उनकी सेनाएं तैनात हैं।

# अमेरिका में ट्रक लेकर वाइट हाउस उड़ाने निकला था भारतीय, मिली 8 साल की जेल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक भारतीय को वाइट हाउस पर हमला करने की कोशिश करने के आरोप में आठ साल की सजा सुनाई गई है। गुरुवार को अमेरिकी अदालत ने साईं वर्षित कंडुला को हमला करने का दोषी पाया है। बीस वर्षीय साईं ने 22 मई 2023 को इस हमले का प्रयास किया था। अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि इस हमले का उद्देश्य लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकना था ताकि उसकी जगह नाजी विचारधारा से प्रेरित तानाशाही शासन की स्थापना की जा सके। जानकारी के मुताबिक साईं कंडुला ने बाद में जानबूझकर अमेरिकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और तोड़ फोड़ के मामले में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। वह 'ग्रीन कार्ड' के साथ अमेरिका का वैध स्थायी निवासी है। अदालती दस्तावेजों के मुताबिक साईं ने 22 मई 2023 की दोपहर को सेंट लुईस, मिसौरी से वॉशिंगटन के लिए निकला और शाम करीब पांच बजकर 20 मिनट पर डलेस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। यहां उसने शाम साढ़े छह बजे एक ट्रक किराए पर लिया और हमले को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक वॉशिंगटन में रात करीब नौ बजे उसने एच स्ट्रीट, नॉर्थवेस्ट और 16 वीं स्ट्रीट, नॉर्थवेस्ट के चौराहे पर ट्रक से वाइट हाउस और राष्ट्रपति पार्क की सुरक्षा करने वाले बैरिकेड्स को टक्कर मार दी। उसने ट्रक को फुटपाथ पर चढ़ा दिया जिससे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद साईं ट्रक से बाहर निकलकर पीछे की ओर चला गया। यहां उसने अपने बैग से नाजी झंडा निकालकर लहराया। न्याय विभाग ने बताया



कि अमेरिकी पार्क पुलिस और अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने कंडुला को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसे हिरासत में ले लिया। पहले डिनर किया, फिर ट्रक से बैरियर को टक्कर मारी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक कुंडला ने 22 मई 2023 को सेंट लुइस से फ्लाइट के जरिए वॉशिगटन पहुंचा। शाम 5:20 बजे डलेस एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद उसने 6:30 बजे एक ट्रक किराए पर लिया। इसके बाद उसने डिनर किया और ट्रक में फ्यूल भरवाया। इसके बाद कुंडला वॉशिंगटन डीसी की तरफ बढ़ा। रात 9:34 बजे उसने व्हाइट हाउस और राष्ट्रपति पार्क की सुरक्षा में लगे बैरियर से ट्रक टकरा दिया। पहली बार टक्कर मारने के बाद उसने ट्रक को पीछे लिया और दोबारा कोशिश की। दूसरी कोशिश में ट्रक खराब हो गया।



कनाडा में लोग एक तीन पहियों वाली मोटरसाइकिल को देखते हुए। यहां लगे वेंकूवर मोटरसाइकिल व पावर स्पोर्ट शो में इसे पेश किया गया।

# चीनी कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप, एडवोकेसी ग्रुप ने दर्ज की शिकायत

**- यूरोपीयन डेटा को गैर-कानूनी तरीके से चोरी करने का मामला**

**मुंबई।**

भारत में चाइनीज कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप एक बार फिर से उठा है। रिपोर्ट के मुताबिक टिकटॉक, शाओमी और तीन अन्य चीनी कंपनियों के खिलाफ ऑस्ट्रिया के एडवोकेसी ग्रुप एनओवायबी ने प्राइवेसी कंप्लेंट दर्ज करवाई है। एनओवायबी के अनुसार इन कंपनियों द्वारा यूरोपीयन डेटा को गैर-कानूनी तरीके से चोरी किया जा रहा है और इसे चीन में ट्रांसफर भी किया जा रहा है। एनओवायबी ने शिकायत में यह मांग की है कि इस डेटा को चीन में ट्रांसफर करने पर रोक लगाई जानी चाहिए और कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

जुर्माना राशि की वारंट एनओवायबी ने कहा है कि वह कंपनियों के ग्लोबल रेवेन्यू का 4 फीसदी तक हो सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस आरोप का मज़ाक उड़ाते हुए कहा है कि चीनी सरकार कभी ऐसी मांग नहीं करती और स्थानीय कानून का उल्लंघन कभी नहीं किया जाता। चाइनीज कंपनियों के साथ यह सदियों से चल रहा विवाद अब नया टर्न ले रहा है। एनओवायबी के द्वारा दर्ज शिकायत से इस मुद्दे पर रोशनी डालने की उम्मीद है, लेकिन सच्चाई केवल जांच से ही सामने आ सकती है।

# सीएट के शेयर में थमा दबाव, ब्रोकरेज फर्म्स ने खरीदारी पर दिया जोर

**- मुनाफा और रेवेन्यू घटा, 52-वीक हाई से 15 फीसदी नीचे है टायर शेयर**




**नई दिल्ली।**

स्टॉक मार्केट में टायर निर्माता कंपनी सीएट लिमिटेड के शेयर ने शुक्रवार को एनएसई पर एक फीसदी की गिरावट के साथ 3,016.85 रुपये पर बंद किया। इसके पीछे वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का असर दिख रहा है। कंपनी की कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण मुनाफा और रेवेन्यू प्रभावित हो गया है। सीएट शेयर वर्तमान में अपने 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर से लगभग 15 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा है। ब्रोकरेज फर्मों के मुताबिक लंबी अवधि में सीएट के शेयर में ग्रोथ की संभावना है।

अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में सीएट का मुनाफा 97.03 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 181.28 करोड़ रुपये था। ऑपरेटिंग रेवेन्यू 3,299.9 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल 2,963.14 करोड़ रुपये था। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने सीएट के शेयर पर खरीदारी की सलाह दी है और प्रति शेयर 3,515 रुपये का टार्गेट प्राइस रखा है। इस हिसाब से मौजूदा स्तर से स्टॉक में करीब 17 फीसदी का रिटर्न मिलने की संभावना है। एक्सपोर्ट सेगमेंट में ग्रोथ का समर्थन मिल रहे हैं और निवेशकों को संभावित रिटर्न की उम्मीद है। एक ब्रोकरेज फर्म ने सीएट शेयर को 'बाय' रेटिंग दी है और 12 महीने के नजरिए से इस शेयर को 3,500 रुपये का टार्गेट प्राइस दिया है। इसी के खिलाफ आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने सीएट पर रेटिंग घटा दी है और टार्गेट प्राइस 2,689 रुपये रखा है। कंपनी के कामकाजी मुनाफा की कमी को लेकर विभिन्न रेटिंग एजेंसियों के बीच मतभेद हैं।

# भारत की विकास दर 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमानः आईएमएफ

**-सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिरा**

**▶▶ भारतीय रिजर्व बैंक को दरों में कटौती करने के लिए मिल रही है बड़ी चुनौती**




**नई दिल्ली।**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर को 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही आईएमएफ ने देश में धीमी चाल रहने के पीछे उम्मीद से अधिक विकास दर का कारण बताया है। आईएमएफ के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था को अंधाधुंध चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अपडेट के अनुसार आईएमएफ ने भी अपनी पूर्वानुमानों को संशोधित किया है और 2025 और 2026 में भारत की विकास दर को 6.5 फीसदी के आसपास रखने का अनुमान जताया है।

इसके अलावा वि श्व बैंक ने भी इसी दिशा में अपने अनुमान दिए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में चार वर्षों की सबसे कम वृद्धि दर होने के संकेत मिल रहे हैं, जो एक चिंताजनक संकेत हो सकता है।

इस संकेत के बीच खपत को बढ़ावा देने के उपायों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुद्रास्फीति के दबावों ने आंकड़ों पर भारी पड़ा है, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को दरों में कटौती करने के लिए बड़ी चुनौती मिल रही है।

इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और नीतिगत अस्थिरता से जूझते हुए, विकास को तेज करने के लिए मेहनत जारी है। इस संदर्भ में वैश्विक विकास दरों का आंकलन भी मुख्य ध्यान में है। आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक महंगाई 2025 और 2026 में कम होने की संभावना है, जो विकसित देशों में पहले हो सकता है। इसके साथ ही समुदाय के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न करने के लिए नई नीतियों की आवश्यकता है ताकि भारत अपनी विकास संकटों से निकल सके।

# सोने की कीमत 1,420 रुपए बढ़ी, चांदी में गिरावट जारी

**- सोना और महंगा होगा, जल्द बना सकता है रिकॉर्ड**

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने के भाव लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सोने की कीमतों में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। लगातार तीन कारोबारी दिनों में सोने की कीमतें 1,420 रुपए बढ़ गई हैं। पहले भी 6 कारोबारी दिनों में 1600 रुपए से ज्यादा का इजाफा देखा गया था। शुक्रवार को सोने की कीमत 82,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है, जिससे वह पिछले 10 कारोबारी दिनों में 3,000 रुपए से भी अधिक बढ़ चुकी है। अधिकतम शुद्धता वाला सोना अब सिर्फ 400 रुपए प्रति 10 ग्राम पीछे है। एक और धारणा है कि सोने के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है और यह नया रिकॉर्ड बना सकता है। दिल्ली में सोने का मौजूदा रिकॉर्ड 82,400 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जो पिछले साल अक्टूबर में बना था। चांदी की कीमतों में कुछ गिरावट भी देखने को मिली है। शुक्रवार को चांदी 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रही है, जो पिछले सत्र में 94,000 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं



अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है, जो कि स्थानीय बाजार को नकारात्मक असर डाल सकती है। कॉमेक्स पर सोना वायदा 2,729.80 डॉलर प्रति औंस पर गिरा है, और चांदी वायदा 31.26 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किया गया है। इसी बीच भारत में ज्वैलरी की मांग बढ़ रही है, जिससे घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आएगा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में लोगों का ध्यान इस मुद्दे पर है और आशंका जताई जा रही है कि नए रिकॉर्ड की दिशा में दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# एसबीआई लाइफ का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 71 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका मुनाफा 322 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा प्रवर्तित इस जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है। तिमाही के दौरान शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 24,828 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 22,316 करोड़ रुपये थी। एसबीआई लाइफ ने कहा कि हालांकि, कुल आमदनी दिसंबर तिमाही में आधी रह कर 18,542 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 38,803 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान प्रबंधन का खर्च बढ़कर 2,417 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,188 करोड़ रुपये था। एसबीआई लाइफ की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) भी 31 दिसंबर, 2023 को 3,71,410 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को 4,41,678 करोड़ रुपये हो गई।




# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले, निवेशक दिखा रहे सतर्कता

**मुंबई ।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले शेयर बाजार में निवेशक सर्तकता दिखा रहे हैं। इसकारण बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। बाजार में हफ्ते की शुरुआत में तेजी देखी थी, लेकिन शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बिकवाली देखी गई। इस दौरान लार्जकैप आईटी और बैंकिंग शेयरों पर दबाव दिखाई दिया। हालांकि, सरकारी बैंकों का प्रदर्शन मजबूत रहा। हफ्ते के अंत में सेंसेक्स 76,619.33 पर और निफ्टी 23,203.2 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बैंक 738.10 अंक की गिरावट के साथ 49,540.6 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक चढ़कर 54,607.65 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक की बढ़त के साथ 17,672.05 पर बंद हुआ। सितंबर 2024 के उच्च स्तर से बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 11.5 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 12 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई है। बाजार की मजबूती के लिए आने वाले समय में तीसरी तिमाही के नतीजे काफी महत्वपूर्ण रहने वाले है। बाजार के जानकारों के अनुसार, डॉलर के मजबूत होने के कारण निवेशक सतर्क बने हैं और अपने जोखिम को कम कर रहे हैं। इसके अलावा नए अमेरिकी प्रशासन की संभावित आर्थिक नीतियों पर बढ़ती अनिश्चितता ने बाजार के सेंटीमेंट को नुकसान पहुंचाया है। बाजार जानकार ने कहा कि यह समय घबराने का नहीं, बल्कि स्पष्टता के साथ काम करने का है। बाजार में गिरावट अच्छे स्टॉक्स खोजने के अवसर प्रदान करती है, जिसमें विकास की अच्छी संभावना हो।

# घरेलू मांग में तेजी से आर्थिक वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीदः आरबीआई बुलेटिन

**नई दिल्ली ।** घरेलू मांग में तेजी लौटने से देश की आर्थिक वृद्धि में मजबूती आने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी किया बुलेटिन, जिसमें कहा गया कि देश की अर्थव्यवस्था अनेक वर्षों के बाद फिर से उच्चारित हो सकती है। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति की बढ़ती स्तिथि को लेकर सतर्क रहने की भी जरूरत है। बुलेटिन में दिखाया गया है कि विभिन्न देशों में अर्थव्यवस्था की स्थिति भिन्न-भिन्न है। अमेरिका में गति कम हो रही है, जबकि यूरोप और जापान में मध्यम सुधार देखने को मिल रहा है। भारत में ग्रामीण मांग में तेजी आ रही है, जिसे कृषि संभावनाओं से समर्थन मिल रहा है। आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ-साथ खाद्य मुद्रास्फीति की ऊंची बनने के नुकसान को भी मन में रखना जरुरी है। बुलेटिन ने ग्रामीण मांग, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार, और विनिर्माण क्षेत्र के जोखिम जीते जा रहे हैं इस पर केंद्रीय बैंक ने ध्यान दिया है। विश्व की आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद में भारत की बढ़ती गति और मांग के नजरिये से जोखिम और निवेश के फैसलों पर विचार करने की जरूरत है। यहां तक कि पूंजीगत व्यय में सुधार और अच्छी कृषि संभावनाएं भी भारत की आर्थिक वृद्धि में मददगार साबित हो सकती हैं।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने गुजरात के कारोबारियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया

**नई दिल्ली ।** पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात से उद्यमियों और व्यापारिक घरानों को देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश करने पर प्रेरित करने का आह्वान किया। एमडीओएनईआर के प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में व्यापार और निवेश बैठक का आयोजन किया, जिसमें केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सात उपराष्ट्र अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम से निवेश के लिए अनुरोध किया। मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में उद्योग-अनुकूल ढांचा है जिसमें बुनियादी और लॉजिस्टिक, ऊर्जा, कृषि, कपड़ा, हस्तशिल्प, शिक्षा, पर्यटन और खेल शामिल हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र से अच्छे संपर्क बनाने का समर्थन किया। इस अद्वितीय क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद है और उद्यमियों को बड़े लाभ की संभावना है।

# सेबी ने सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित किया

**कंपनियों ने लाखों की धोखाधड़ी की और पूंजी होने के बावजूद दिखावा किया कि उन्हें कर्ज चा हिए**



**नई दिल्ली ।** सेबी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इन कंपनियों में पाचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस, अभिजीत ट्रेडिंग, कैलिक्स सिक्योरिटीज, हिबिस्कस होल्डिंग्स, अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज शामिल हैं। सेबी ने कहा की पाचेली इंडस्ट्रियल ने गैर-प्रवर्तकों के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ कर्ज लिया, जिसे तरजीही आवंटन के जरिये इक्विटी में बदल दिया। लेकिन कर्ज और पैसा सिर्फ कागजों में घुमाया गया। जिनके दिखावे कर्ज देने के थे, उन्हें कंपनी के 99.28 फीसदी शेयर मिल गए। सेबी के अनुसार इन कंपनियों ने लाखों की मात्रा में धोखाधड़ी की और दिखावा किया कि उन्हें कर्ज के लिए पूंजी की जरूरत है, जबकि वास्तव में उनके पास पूंजी थी। इसके कारण इन कंपनियों का शेयर मार्केट में दिखना बंद किया गया था और सेबी ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई लेने का निर्णय लिया। इस प्रतिबंध के चलते इन कंपनियों के शेयरों की मौजूदगी बाजार में नहीं होगी और निवेशकों को संबंधित शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए कोई संभावना नहीं है। इन कंपनियों के खिलाफ ऐसे कदम उठाने के माध्यम से सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया है और वह इस प्रक्रिया में और भी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। यह घटना बाजार में एक तहलका पैदा करने के साथ-साथ निवेशकों के विश्वास को चुनौती देने वाला है। इसे लेकर विभिन्न ऑफिशियल्स और मार्केट वॉचडॉग्स अपने तर्क दे रहे हैं और इस पर विवाद संदेश जारी कर रहे हैं।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही, मंगलवार को बाजार बढ़कर खुला पर कमजोर होकर बंद हुआ, वहीं बुधवार और गुरुवार को बाजार में बढत दर्ज की गई लेकिन घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपेनियों में बिकवाली की वजह से शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 के स्तर पर खुला और 1048.90 अंक गिरकर 76,330.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर खुला और 345.55 अंक गिरकर 23,085.95 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 449.48 अंक उछलकर 76,779.49 पर खुला और 169.62 अंक बढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 141.25 अंक चढ़कर 23,227.20 अंक पर खुला और 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 23,176.05 पर बंद हुआ।




घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 401.53 अंक चढ़कर 76,901.16 अंक पर खुला और 224.45 अंक चढ़कर 76,724.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 97.5 अंक बढ़कर 23,273.55 पर खुला और 37.15 अंक बढ़कर 23,213.20 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 595.42 अंक उछलकर 77,319.50 पर खुला और 318.74 (0.41त्न) अंकों की बढ़त के साथ 77,042.82 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। निफ्टी 178.45 अंक बढ़कर 23,391.65 पर खुला और 98.60 (0.42त्न) अंक उछलकर 23,311.80 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर खुला।

इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर खुला और सेंसेक्स 423.49 (0.54 फीसदी) अंक गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर खुला और 108.60 (0.47 फीसदी) अंकों की गिरावट के साथ 23,203.20 के स्तर पर बंद हुआ।

# टेलिकॉम सेक्टर में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में मोदी सरकार, दो कंपनियों को होगा लाभ

**मुंबई ।**

केंद्र की मोदी सरकार टेलिकॉम सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। मोदी सरकार एजीआर बकाया पर टेलिकॉम कंपनियों को बड़ी राहत दे सकती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी दूरसंचार कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है। इसमें ब्याज और जुर्माने का एक बड़ा हिस्सा है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार 50 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिशत जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर मोदी सरकार इस प्रस्ताव लागू करती हैं, तब ये भारत में टेलिकॉम बिजनस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। साथ ही इससे टेलिकॉम सेक्टर में दो बड़ी निजी कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि अगर प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है, तब टेलिकॉम कंपनियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत मिलेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा वोडाफोन आइडिया को होगा। कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया 52,000 करोड़ रुपये से अधिक कम हो सकता है। वित्तीय रूप से मजबूत भारती एयरटेल को करीब 38,000 करोड़ रुपये और टाटा टेलीसर्विसेज को 14,000 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। रिलायंस जियो पर कोई एजीआर बकाया नहीं है।



मामले से जुड़े सूत्र ने बताया कि प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और कैबिनेट सचिवालय सहित उच्चतम स्तर पर चर्चा हो रही है। मोदी सरकार 1 फरवरी के बजट में इस उपाय की घोषणा करने के लिए काम कर रही है। टेलिकॉम इंडस्ट्री साल 2016 में रिलायंस जियो के आने के बाद से कड़ी प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है।

# ग्रीव्ज कॉटन ने दोपहिया, तिपहिया वाहन श्रेणी में नए उत्पाद प्रदर्शित किए




**नई दिल्ली ।** ग्रीव्ज कॉटन लिमिटेड ने अपने मेड इन इंडिया उत्पादों का ताजा अनावरण किया, जो दोपहिया और तिपहिया श्रेणी में आते हैं। इन उत्पादों में कॉन्सेप्ट वाहन, चार्जिंग समाधान, इंजन, पावरट्रेन सिस्टम और खुदरा उपकरण शामिल हैं। कंपनी ने ये नए उत्पाद भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में प्रदर्शित किए। ग्रीव्ज की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जाइबर और एक्सप्रेस का कॉन्सेप्ट मॉडल भी लोगों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक तिपहिया जारगो को भी लॉन्च किया, जो ई-कॉमर्स परिवेश के लिए उपयुक्त है। इसके साथ नेक्सस और मैग्नस ब्रांड के तहत नए संस्करण भी पेश किए गए। ग्रीव्ज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रिक यात्रा और कार्गो परिवहन में सर्वोत्तम समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे उत्पाद व्यावसायिक तथा परंपरागत इंजन वाहनों के लिए सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने भविष्य में और नए नवाचार मोबिलिटी समाधान प्रस्तुत करने का एलान भी किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के मैदान टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई टीम इंडिया को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान के साथ टिकी हुई है। बीसीसीआई ने शनिवार दोहपर बाद एक बैठक में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी। इसके लिए बीसीसीआई मुख्यालय में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ कप्तान रोहित शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होनी है जोकि 9 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह। बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया है।

**कौन नहीं है**

संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

**ए ग्रुप में है भारतीय टीम**

टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप



बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

**टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

**आईसीसी मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल**

19 फरवरी : पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
20 फरवरी : भारत बनाम बांग्लादेश
21 फरवरी : अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
23 फरवरी : भारत बनाम पाकिस्तान
24 फरवरी : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड
25 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ़्रीका
26 फरवरी : अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड
27 फरवरी : पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश
28 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान
1 मार्च : इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
2 मार्च : भारत बनाम न्यूजीलैंड
4 मार्च : सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल
5 मार्च : सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल
9 मार्च : फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।)

# इंडिया ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग, सिंधु और किरण हारे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। युगल में सात्विक और चिराग ने लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनायी है। इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के योंग जिन और कांग मिन ह्युक को 21-10, 21-17 से हरा दिया। वहीं शादी के बाद महिला एकल में उतरीं पीवी सिंधु हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। संधु के अलावा किरण जॉर्ज भी हार के साथ ही बाहर को गये हैं।

सिंधु को पेरिस ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने 21-9, 19-21, 21-17 से हराया जबकि चीन के वेंग होंग यांग ने किरण को पुरुष एकल मुकाबले में 21-13, 21-19 से हराया।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने मुकाबले में हावी रही। इस जोड़ी ने अपने शुरुआती गेम में 9-1 की बढ़त हासिल की और फिर 18 मिनट में ही गेम अपने नाम किया। कोरियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने का प्रयास किया पर सफल नहीं रही। अब सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग का सामना इंडोनेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त सेजे फेई गोह और नूर इज्जुद्दीन की युगल जोड़ी से होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सितांशु कोटक बन सकते हैं भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौर में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी से चिन्तित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब टीम के लिए बल्लेबाज कोच रखने जा रही है। अभी भारतीय टीम में मुख्य कोच की जिम्मेदारी गौतम गंभीर के पास है जबकि चार सहायक कोच हैं हैं पर बल्लेबाजों को सलाह देने वाले की कमी महसूस की जा रही है। इसी को देखते हुए बीसीसीआई अब पूर्व क्रिकेटर सितांशु कोटक को बल्लेबाजी कोच बना सकता है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच की दौड़ में कई बड़े नाम हैं और इसको लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। टीम में अभी मोर्ने मोर्कल गेंदबाजी कोच हैं, जबकि अभिषेक नायर असिस्टेंट कोच, रेयान टेन डोशेटे असिस्टेंट कोच हैं और टी. दिलीप फील्डिंग कोच हैं। बीसीसीआई की हाल में हुई आम बैठक में कोचिंग स्टाफ को लेकर बात हुई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार सौराष्ट्र की कप्तानी करने वाले 52 वर्षीय पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज सितांशु इंडिया-ए टीम के मुख्य कोच हैं और जसप्रीत बुमराह की कप्तानी वाली टीम के 2023 में आयरलैंड दौरे पर भी मुख्य कोच थे। सितांशु घरेलू क्रिकेट में एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे थे (उन्होंने 1992-93 से 2013 तक खेला था), इसमें उन्होंने 130 प्रथम श्रेणी मैचों में 41.76 की औसत से 8061 रन बनाए, जिसमें 15 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। इसी कारण बल्लेबाजी कोच के लिए सितांशु के नाम पर भी ज्यादा विचार हो रहा है। बीसीसीआई का मानना है कि हाल में भारतीय टीम को मिली हार के पीछे कमजोर बल्लेबाजी कारण रही और इसे दूर करने बल्लेबाजी कोच की सबसे अधिक जरुरत है।

# विराट और राहुल नहीं खेलेंगे रणजी ट्रॉफी , बीसीसीआई को बताया कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली ने चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का फैसला किया है। विराट के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल भी रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने चोटिल होने के कारण खेलने से इुंकार किया है। दोनो ने ही इस फैसले की जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भी दे दी है। इससे पहले बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए सभी खिलाड़ियों के लिए घरेल क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। बीसीसीआई ने कहा था कि अगर खिलाड़ी फिट हैं और राष्ट्रीय टीम से नहीं



खेल रहे हैं तो उनके लिए घरेलू क्रिकेट में शामिल होना जरुरी है। साथ ही कहा था कि जो भी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलेगा उसे राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली ने गर्दन जबकि राहुल ने कोहनी में दर्द होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का फैसला किया है। दोनों ने अपनी-अपनी चोट के बारे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम को भी बता दिया है। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर की शुरुआत 23 जनवरी से हो रही है।

कोहली को गर्दन में दर्द था और इसी कारण सिडनी में उतरने से पहले उन्हें इंजेक्शन लगाया गया था। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को बताया कि उन्हें अभी भी दर्द हो रहा है, जिसके चलते उन्हें राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच से बाहर होना पड़ा। वहीं राहुल की कोहनी में चोट है, जिसके कारण वह बेंगलुरू में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के मैच से बाहर रहेंगे।

कोहली और राहुल अगर फिट होते हैं तो 30 जनवरी से शुरू हो रहे अगले मुकाबले में खेल सकते हैं। इससे इन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज में भी लाभ होगा।

## पांड्या से उपकप्तानी वापसी लिए जाने से हैरान हैं कार्तिक

मुम्बई । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस बात से हैरान हैं कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अचानक ही कैसे उपकप्तानी की दौड़ से गायब हो गये हैं । कुछ समय पहले तक पांड्या उपकप्तान थे पर इसके बाद एकदम से स्थिति बदल गयी । उन्हें टी20 विश्व कप के बाद से ही इस प्रारुप की कप्तानी से हटा दिया गया है । इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में उनकी जगह पर अक्षर पटेल को उप–कप्तान गया है । वहीं पहले पांड्या को भावी कप्तानी माना जा रहा था । कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने कई मैचों में टीम इंडिया की कमान संभालते हुए जीत दिलायी थी पर विश्वकप कप 2023 में चोटिल होने के बाद से ही उनको नेतृत्व के लिए उपयुक्त नहीं समझा गया । यही कारण है कि 2024 विश्व कप जीतने के बाद जब रोहित ने संन्यास लिया तो हार्दिक की जगह पर सूर्यकुमार यादव को टीम का नया कप्तान बनाया गया । इस फैसले को लेकर कहा गया कि हार्दिक की फिटनेस कई बार खराब रहती है पर टीम के लिए ऐसा कप्तान चाहिये जो अधिकतर मैच खेल सके । इसी कारण उन्हें टी20 टीम का उप–कप्तान भी नहीं बनाया गया है ।

# इंडिया ओपन 2025 : बीमार पड़ने के बाद डेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी ब्लिचफेल्ट ने की दिल्ली स्टेडियम की आलोचना

नई दिल्ली । बैडमिंटन की विश्व नंबर 23 खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान दिल्ली और इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की कड़ी आलोचना की । गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में हारने वाली ब्लिचफेल्ट ने दिल्ली में स्टेडियम की स्थिति और प्रदूषण पर निराश व्यक्त की है । ब्लिचफेल्ट को लगता है कि, इसके कारण उनकी सारी तैयारी बर्बाद हो गई क्योंकि वह लगातार दूसरे साल टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गईं। ब्लिचफेल्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि,आखिरकार भारत में एक लंबे और तनावपूर्ण सप्ताह के बाद आखिरकार घर पहुंच गई हूं । यह लगातार दूसरा वर्ष है जबकि इंडिया ओपन के दौरान मैं बीमार पड़ गई थी । यह स्वीकार करना वाकई मुश्किल है कि कई हफ्तों की मेहनत और तैयारी खराब परिस्थितियों के कारण बर्बाद हो जाती है । यह किसी के लिए भी उचित नहीं है कि हमें धुंध, कोर्ट पर पक्षियों द्वारा फैलाई गई गंदगी और हर तरफ गंदगी के बीच अभ्यास करना और खेलना पड़ा । साथ ही डेनमार्क की इस खिलाड़ी ने विश्व बैडमिंटन महासंघ को टैग करते हुए लिखा कि, इस तरह की स्थितियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और अस्वीकार्य हैं । मुझे खुशी है कि मैं पहले दौर में जीत हासिल करने में सफल रही और दूसरे दौर में भी मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन जिस तरह की स्थिति थी उससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। ब्लिचफेल्ट ने पहले [illegible] मीडिया को बताया कि वह पेट में संक्रमण से पीड़ित हैं और मंगलवार रात भार उल्टियां करती रहीं ।



# इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज से पहले तीन अभ्यास मैच खेलेगी भारतीय टीम



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले चार दिन के तीन मैच भी खेलेगी । ये मैच इसलिए रखे हैं ताकि खिलाड़ियों को लाल गेंद से खेलने का अनुभव हो सके । इन मैचों की तारीखें हालांकि अभी तय नहीं हुई हैं । भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की बेहतर तैयारी के लिए अभ्यास मैच जरुरी हैं । बोर्ड ने ये फैसला इसलिए भी लिया है क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम बिना अभ्यास मैच के उतरी थी और उसे दोनो में ही करारी हार का सामना करना पड़ा था । बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि कि अभयास मैचों से खिलाड़ियों को इंग्लैंड के हालात से तालमेल बिठाने में सहायता मिलेगी । रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के ऑस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन के बाद अब घरेलू क्रिकेट में स्टार भारतीय बल्लेबाजों को भी खेलने को कहा गया है । इस अधिकारी ने कहा कि हमारे पास अब बहुत ज्यादा लाल गेंद के मैच नहीं हैं क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तुरंत बाद आईपीएल शुरू हो जाएगा । ऐस में बिना कियी अच्छी तैयारी के टीम को किसी अहम सीरीज में भेजना सही नहीं है क्योंकि इंग्लैंड में खेलना आम तौर पर बल्लेबाजों के लिए कठिन होता है ।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों से बुमराह बाहर , हर्षित शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह फिट नहीं होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवीय मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। चयन समिति क प्रमुख अजीत अगरकर ने कहा कि बुमराह अभी तक अपनी पीठ की एंठन से पूरी तरह से नहीं उबरे हैं। इसलिए उन्हें पहले दोनो ही मैचों के लिए आराम दिया गया है। बुमराह इस सीरीज के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ मीडिया से बात करते हुए अगरकर ने कहा, ''बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ




पहले दो एकदिवसीय के लिए उपलब्ध नहीं हो पायेंगे। हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा।''

गौरतलब है कि पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ही बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के पांचवें दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। भारतीय टीम छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच नागपुर , कटक और अहमदाबाद में खेलेगी।

**एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्?वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

# लियोन ने ऑटोग्राफ वाला बल्ला दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायतार्थ दान दिया

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय टीम के तीन स्टार क्रिकेटरों विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन के हस्ताक्षर वाला बल्ला दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता करने वाली संस्था को दान किया है। लियोन ने ये बल्ला ऑस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स को दान किया है । इसकी नीलामी से मिलने वाली राशि से दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता होगी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और लियोन ने स्वयं भी तीन बल्लों पर हस्ताक्षर किए थे। ये हस्ताक्षर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान लिए गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोशल मीडिया पर लिखा, '2025 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप से पहले दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए लियोन ने तीन विशेष बल्ले सीए के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स ऑस्ट्रेलिया को दान किए हैं। इसमें कहा गया, 'हर बल्ले के बीच में ब्रेल लिपि में स्टिकर लगाया गया है जिस पर लिखा है 'सभी के लिये खेल । इस पर ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय टेस्ट क्रिकेटरों के आटोग्राफ हैं । व इनकी नीलामी से मिलने वाली राशि दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता के लिये लगायी जाएगी। लियोन ने सोशल मीडिया परन इन बल्लों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'दिव्यांग क्रिकेट के लिये पैसा एकत्र करने में हमारी सहायता कीजिए । हमारे पास आटोग्राफ वाले तीन बल्ले हैं । एक पर पैट कमिंस और जसप्रीत बुमराह जबकि दूसरे पर स्टीव स्मिथ और विराट कोहली और तीसरे पर मेरे और आर अश्विन के आटोग्राफ हैं । लियोन को उम्मीद है कि इससे वह बड़ी रकम एकत्र कर सकेंगे ।



# हां ना हां... आखिर लगी मुहर, रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की होगी सगाई, इसलिए अटकी बात

खेल डैस्क । समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई की खबर कंफर्म हो गई है । बीते दिन ही प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने शादी के सिलसिले में रिंकू के पिता से बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में बात की थी । सोशल मीडिया पर जब सगाई की खबरें आने लगी तो तूफानी सरोज ने इस बात को सिरे से नकार दिया था । उन्होंने कहा था कि अभी तो बात ही चली है । हम विचार करेंगे । शादी के मामले में जल्दबाजी अच्छी नहीं । बहुत कुछ सोच समझकर ही निर्णय लिया जाएगा । लेकिन अब शनिवार को उन्होंने जल्द सगाई होने की बात स्वीकार कर ली है । बताया जा रहा है कि तूफानी सरोज की रिंकू के पिता से बातचीत बीते वीरवार को अलीगढ़ में ही हुई थी ।

**आईपीएल से पहले होगी सगाई–** रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई फिलहाल 13 फरवरी से पहले नहीं होगी । क्योंकि संसद का सत्र 30–31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा । संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी । वहीं, रिंकू सिंह ने भी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी–20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया को ज्वाइंन करना है । इसके बाद आईपीएल भी खेलेंगे । रिंकू कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के साथ जुड़े हैं । उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले 13 करोड़ की डील मिली थी ।



# शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारी कर रहे

मुम्बई । अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आजकल इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज की तैयारियों में लगे हैं । शमी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है और वह एक साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे । वह एकदिवसीय विश्वकप 2023 के बाद से ही खेल से दूर थे। शमी ने अंतिम बार करीब 14 महीने पहले एकदिवसीय विश्व कप 2023 के दौरान मैच खेला था । शमी का प्रदर्शन तब शानदार रहा था पर वह इसी दौरान चोटिल हो गये थे । इस कारण उनकी एड़ी की सर्जरी हुई थी । शमी ने इससे उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में लय हासिल की । रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लिए । इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेला ।



**इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल**

पहला टी20 : 22 जनवरी (कोलकाता)
दूसरा टी20 : 25 फरवरी (चेन्नई)
तीसरा टी20 : 28 फरवरी (राजकोट)
चौथा टी20 : 31 जनवरी (पुणे)
पांचवां टी20 : 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई)

# बीसीसीआई नियमों पर खिलाड़ी कन्फ्यूज, कप्तान रोहित शर्मा बोले- इस मुद्दे पर चर्चा तो होगी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा तैयार किए गए 10 सूत्री अनुशासनात्मक दिशा-निर्देशों में कुछ नियमों पर रोहित शर्मा को असमंजस है और भारतीय कप्तान इस मुद्दे पर बोर्ड सचिव देवाजीत सैकिया से चर्चा करने वाले हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर दिशा-निर्देशों की घोषणा नहीं की है, लेकिन मीडिया की खबरों में ये 10 सूत्री निर्देश सामने आ चुके हैं। नीति दस्तावेज में एक मुख्य विवाद पुराने दिनों की ओर लौटना है जब परिवारों को लंबे दौरों पर केवल 14 दिन के लिए अनुमति दी जाती थी। किसी भी बदलाव के लिए कोच गंभीर की मंजूरी की आवश्यकता होगी। यह समझा जाता है कि यह नियम टीम के खिलाड़ियों को अच्छा नहीं लगा है।

प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने से पहले जब रोहित चयनकर्ताओं के अध्यक्ष अजीत अगरकर के पास बैठे थे तो उन्हें मुंबई के अपने पूर्व साथी से यह कहते हुए सुना गया कि अब मेरे को बैठना पड़ेगा सचिव के साथ। फैमिली-वैमिली का डिस्कस करने के लिए, सब मेरे को बोल रहे हैं यार। हर कोई (खिलाड़ी) मुझसे पूछ रहा है। रोहित की टिप्पणी मीडिया के लिए नहीं थी लेकिन यह 'माइक्रोफोन% में रिकॉर्ड हो गई जिसका मतलब समझना मुश्किल नहीं था। जब रोहित ने दिशा-निर्देशों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि आपको इन नियमों के बारे में किसने बताया? क्या यह बीसीसीआई के आधिकारिक हैंडल से आया है? इसे आधिकारिक तौर पर आने दें। हालांकि जब अगरकर ने बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि एक एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) मसौदा तैयार किया गया है।

अगरकर से पूछा गया कि आखिर क्या गलत हुआ कि टी20 विश्व कप जीतने के छह महीने के अंदर बीसीसीआई को उन्हीं खिलाड़ियों के साथ एक यात्रा नीति दस्तावेज की आवश्यकता पड़ गई? ऑस्ट्रेलिया की हार पर चर्चा करने वाली समीक्षा समिति की बैठक का हिस्सा रहे अगरकर ने कहा कि अगर हम इस पर बात करते रहेंगे तो शायद यह चर्चा जारी रहेगी। उन्होंने तर्क देने की कोशिश करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हर टीम के कुछ नियम होते हैं। हमने पिछले कुछ महीनों में कई चीजों के बारे में बात की है जिसमें आप एक टीम के रूप में सुधार कर सकते हैं। यह कोई स्कूल नहीं है। यह कोई सजा नहीं है।

अगरकर ने कहा कि बस इतना है कि आपके पास कुछ नियम होते हैं और जब आप राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हैं तो आप उन नियमों का पालन करते हैं। ये परिपक्व खिलाड़ी हैं। वे अंतरराष्ट्रीय खेल में अपने आप में सुपरस्टार हैं। कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि ये नियम हमेशा से ही रहे हैं और अगरकर ने उन्हें 'प्रोटोकॉल% कहा है जिसका राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करते समय पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन आखिरकार आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनका आप




स्वाभाविक रूप से पालन करते हैं जैसा कि हर टीम करती है। मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से नियम लागू हैं।

अगरकर ने कहा कि हो सकता है कि हमने इस बारे में अभी बात की हो और इसे सामने रखा हो, लेकिन उनमें से बहुत से पहले ही लागू हो चुके हैं। अंत में टीम के अनुकूल क्या है, उसी के अनुसार आप इन्हें सुधारते रहते हैं। आप कोशिश करना चाहते हैं और तय करते हैं। रोहित के मुख्य कोच के साथ कामकाजी संबंधों के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं जिस पर कप्तान ने कहा कि एक बार जब वह खेल के मैदान में उतरते हैं तो वह बहुत स्पष्ट होते हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों (वह और गंभीर) इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हम क्या करना चाहते हैं। मैं यहां बैठकर यह चर्चा नहीं करने जा रहा हूं कि हर मैच के पीछे क्या रणनीति होती है लेकिन यह मेरे दिमाग में बहुत स्पष्ट है। रोहित ने कहा कि गौतम गंभीर एक ऐसे व्यक्ति हैं जो मैदान पर उतरने के बाद कप्तान के मैदान पर किए जा रहे काम पर भरोसा करते हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# नए बंगले में जल्द गृह प्रवेश करेंगे विराट-अनुष्का

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा  और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली इन दिनों भारत में हैं और लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं. इसी बीच स्टार कपल को हाल ही में अलीबाग स्थित अपने नए घर की तरफ जाते हुए देखा गया. इसी बीच विराट-अनुष्का का नया वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है. इस नए वायरल वीडियो में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के अलीबाग  वाले नए बंगले को दिखाया गया है, जिसे गृह प्रवेश पार्टी से पहले फूलों से सजाया जा रहा है. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. अलीबाग बंगले में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा स्टार कपल

इंटरनेट पर वायरल हो रहा विराट-अनुष्का के नए घर का नया वीडियो पैपराजी वरिंदर चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है. इस वीडियो में स्टार कपल के अलीबाग स्थित नए बंगले का सामने का दरवाज़ा दिखाई दे रहा है, जो फूलों से सजा हुआ है. ऐसे में इस वीडियो के सामने आने के बाद अंदाजा लाया जा रहा है, कि यह गृहप्रवेश पार्टी की तैयारी का संकेत है.

### गेटवे ऑफ इंडिया पर स्पॉट हुए पूजा सामग्री के साथ पुजारी

आपको बता दें कि इसके पहले गेटवे ऑफ इंडिया स्थित फेरी टर्मिनल का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कई लोग एक पुजारी के साथ पूजा सामग्री को स्पीडबोट पर लादते हुए दिखाई दे रहे थे. जिसके बाद से ही विराट और अनुष्का के फैंस यह कयास लगा रहे हैं, कि कपल अलीबाग में अपने नए घर में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा हुआ है.

### आलीशान बंगले में स्विमिंग पूल का भी लुत्फ उठाएंगी अनुष्का

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली ने साल 2023 में अलीबाग में एक आलीशान विला खरीदा था, जो 2000 वर्ग फीट में बना हुआ है और इसकी कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए है. इस विला में 400 वर्ग फुट का स्विमिंग पूल है. इसके अलावा उन्होंने कपल ने अलीबाग में 19.24 करोड़ रुपए में एक फार्महाउस भी खरीदा है.

## Allu Arjun की फिल्म पर आया सबसे बड़ा अपडेट

# Pushpa 3 में किन चीजों को खास बनएंगे डायरेक्टर सुकुमार?



**अल्लू** अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. फिल्म आज भी लगातार कमाई कर रही है, जिस वजह से कास्ट से लेकर मेकर्स तक खुश है. कुछ समय पहले ही अपडेट आया था कि मेकर्स फिल्म का तीसरा पार्ट भी बनाने वाले हैं. पुष्पा 2 की एंडिंग में फिल्म के तीसरे पार्ट का हिंट दिया गया है और अब इस फिल्म पर बड़ा अपडेट आ गया है

. फिल्म पुष्पा के दोनों पार्ट का हिस्सा कंपोजर देवी प्री प्रसाद भी रहे हैं और अब वह फिल्म के तीसरे पार्ट का हिस्सा भी रहने वाले हैं. उन्होंने पुष्पा 3 पर बड़ा अपडेट दिया है. देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा 3 को लेकर  बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने बताया है कि फिल्म पुष्पा 2 के जबरदस्त क्रेज को देखते हुए सुकुमार इस फिल्म पर बिना वक्त गवाए अब काम कर रहे हैं. उनका पूरा फोकस फिल्म के एक-एक सीन और कहानी पर है. इस बार पुष्पा 3 में कई चीजें सेट की जाएंगी. तीसरे पार्ट के लिए हम लोगों के पास बहुत सारे आइडियाज हैं और जिन्हें पूरा करने पर एक शेप मिलेगा. फिल्म पुष्पा 2 के सक्सेस पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि मैं फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार का, अल्लू अर्जुन , प्रोड्यूसर्स और जो भी लोग इस फिल्म के दोनों पार्ट का हिस्सा थे. मैं भाषा और लिरिस्ट में कॉन्ट्रिब्यूशन देने वाले लोगों का भी शुक्रगुजार हूं.  इसके आगे पुष्पा 2 के ग्रैंड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हम लोगों को पता था कि पुष्पा के पाद पुष्पा 2 जरूर हिट होगी. इस फिल्म से लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें थीं और इसी वजह से हमारे सामने कई सारे चैलेंजेस भी थे, लेकिन हमें इस फिल्म के लिए दुनिया भर से लोगों का प्यार मिला. फिल्म ने तुलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बाकी भाषाओं में तो कमाल ही कर दिया. यहां तक कि महाराष्ट्र, कश्मीर, नेपाल और कई देशों से भी अपार प्यार मिला. जिसके लिए शुक्रगुजार हूं.

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने रूपाली गांगुली मामले पर सुनाया फैसला



ईशा वर्मा और रूपाली गांगुली के बीच चल रहे विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इस मानहानि मामले पर रुपाली को राहत मिली है। बॉम्बे हाइकोर्ट ने अभिनेत्री रूपाली गांगुली को उनकी सौतली बेटी ईशा वर्मा के मानहानि मामले में राहत दे दी है। अदालत ने प्रतिवादियों और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को रूपाली के बारे में अपमानजनक सामग्री प्रकाशित होस्ट और साझा करने से रोक दिया। आरोप लगे कि रूपाली गांगुली के पति की पहली शादी से बेटी ईशा वर्मा हैं। उन्होंने अभिनेत्री की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए लगातार पोस्ट किए।

**पीठ ने सुनाया ये फैसला**

बॉम्बे हाई कोर्ट की एकलपीठ ने रूपाली की याचिका में पेश किए गए साक्ष्यों की समीक्षा की। सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और लेखों का संकलन शामिल था। इसमें मानहानि करने वाले बयान शामिल थे। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और कई लेख भी शामिल थे। पीठ ने पाया कि यह सामग्री पहली नजर में ही अपमानजनक हैं। नोटिस दिए जाने के बाद भी ईशा वर्मा अदालत में पेश नहीं हुईं। पीठ ने रूपाली गांगुली के खिलाफ कोई भी अपमानजनक पोस्ट, वीडियो या सामग्री प्रकाशित करने पर रोक लगाई।



# Baahubali के डायरेक्टर संग काम करने हैदराबाद पहुंचीं Priyanka

**बॉलीवुड** की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में काम कर रही हैं, लेकिन अब वह भारतीय फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं. प्रियंका काफी सालों से किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं, लेकिन बीते दिनों ही खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा ने बाहुबली के डायरेक्टर एसएस राजामौली से हाथ मिलाया है. वह राजामौली की एक फिल्म में नजर आने वाले हैं. इन सब खबरों के बीच प्रियंका चोपड़ा इंडिया लौट आई हैं. उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख फैंस भी खुश हो गए हैं. दरअसल, प्रियंका चोपड़ा को हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है. एक्ट्रेस के इस मौके से एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में प्रियंका कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर की हुडी और लॉअर पहना है. साथ में उन्होंने अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए एक टॉपी भी पहनी है. प्रियंका एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए नीचे देखकर चल रही हैं. प्रियंका वीडियो में पैपराजी को देखकर स्माइल को करती दिख रही हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने एयरपोर्ट पर रुककर एक भी पोज नहीं दिया. सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल हो रहा है. फैंस अब प्रियंका के हैदराबाद आने की वजह पूछ रहे हैं. कई लोगों का मानना है कि वह राजामौली की फिल्म में काम करने ही यहां पर आई हैं.

# अभिनेत्री के साथ पटकथा लेखिका भी हैं हनी ईरानी



**हनी** ईरानी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का एक महत्वपूर्ण नाम है। अभिनेत्री के साथ वह पटकथा लेखिका और फिल्म निर्देशक भी हैं। हनी ईरानी ने अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें यार की प्यास (1961), चिराग कहां रोशनी कहां और बॉम्बे का चोर जैसी फिल्में शामिल हैं।  हनी ईरानी का परिवार का भारतीय सिनेमा में बड़ा योगदान  है। वह एक ऐसे फिल्मी परिवार से आती हैं, जहां सिनेमा के हर पहलू में उनके परिवार के लोगों की भूमिका रही है। उनकी संतानें भी बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुकी हैं। हनी ईरानी का जन्म एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, जिसमें उनके पांच भाई-बहन मेनका ईरानी, बनी ईरानी, सरोश ईरानी, और डेजी ईरानी थे।

# वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग




**अनुराग** सिंह द्वारा निर्देशित बॉर्डर 2 की शूटिंग बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने शुरू कर दी है। फिल्म के निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है।  वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।

झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है।

# अजय देवगन की सन ऑफ सरदार-2 की रिलीज डेट से उठा पर्दा

अजय देवगन स्टारर साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म सन ऑफ सरदार ने लोगों को एंटरटेन करने के साथ ही खूब हंसाया भी था. इस फिल्म में अजय के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आईं थीं. ऐसे में फैंस इस फिल्म के सीक्वल का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. हालांकि दर्शकों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है. अजय देवगन इस सन ऑफ सरदार 2 के साथ एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. जल्द ही यह मूवी थिएटर्स में दस्तक देने वाली है, क्योंकि इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है.



ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज से डेट  से पर्दा उठाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है. तरण ने अपनी पोस्ट में लिखा, अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट लॉक हो गई है... 25 जुलाई 2025 को यह फिल्म रिलीज होगी, जो साल 2012 में आई सन ऑफ सरदार की सीक्वल है. अजय देवगन और मृणाल ठाकुर स्टारार फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है.

# Saif Ali Khan पर हुए हमले पर फूटा Raveena Tandon का गुस्सा

## सेफ्टी पर उठा दिए सवाल

**गुरुवार** सुबह तड़के पटौदी खानदान के इकलौते वारिस और एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले ने हर किसी को हैरान कर दिया है. सैफ पर चाकू से हमले की खबर ने जहां हर किसी को हिलाकर रख दिया, वहीं अब बड़ी ही तेजी से इस पर सेलेब्स के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं. इसी बीच सैफ पर हुए हमले को लेकर एक्ट्रेस रवीना टंडन  का गुस्सा भी फूटा है. उन्होंने सेलेब्स को टारगेट करने और बांद्रा की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं. सैफ पर हुए हमले को गंभीरता से लेते हुए रवीना टंडन ने इस पर रिएक्ट किया है. एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, बांद्रा एक सेफ रिसेडेंशियल एरिया था, लेकिन अब यहां फेमस सेलेब्स और सॉफ्ट टारगेट को अपना निशाना बनाया जा रहा है. ये घटना बड़े पैमाने पर हो रही है. उन्होंने आगे लिखा, यहां क्रिमिनल बढ़ रहे हैं, बाइक्स पर तेजी से आने वाले फोन और चेन छीनकर भाग रहे हैं. यहां सख्त कदम उठाने की जरूरत है. वहीं एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में सैफ अली खान के जल्दी रिकवर होने की भी कामना की है.



